इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 231 | राजनांदगांव, बुधवार 09 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए










## FATF का खुलासा: पुलवामा के लिए ऑनलाइन खरीदा गया विस्फोटक, गोरखपुर में आतंकी को ऑनलाइन मुहैया कराए गए थे पैसे

नई दिल्ली। दुनिया की सबसे बड़ी टेरर फंडिंग निगरानी संस्था एफएटीएफ ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उसने कहा है कि आतंकवादी अब ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन पेमेंट सर्विसेस का इस्तेमाल फंड जुटाने, हथियार खरीदने और हमलों के लिए कर रहे हैं। भारत में हुए पुलवामा और गोरखनाथ मंदिर मामलों को उदाहरण के तौर पर रिपोर्ट में शामिल किया गया है। एफएटीएफ ने कहा कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन भुगतान सेवाओं का दुरुपयोग आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए किया जा रहा है।



पुलवामा आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान मारे गए थे। एफएटीएफ ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि फरवरी 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए हमले में इस्तेमाल हुआ एल्यूमिनियम पाउडर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एमेजन से खरीदा गया था। इस पाउडर का इस्तेमाल आईडी की ताकत बढ़ाने में किया गया। यह आतंकियों द्वारा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल का एक उदाहरण है।

### ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और वीपीएन से की फंडिंग

गोरखनाथ मंदिर में अप्रैल 2022 में हुए हमले का हवाला देते हुए एफएटीएफ ने बताया कि आरोपी ने आईएसआईएस के लिए पे-पाल के जरिए करीब 6.69 लाख की अंतरराष्ट्रीय फंडिंग की। इस दौरान आरोपी ने वीपीएन का इस्तेमाल कर अपनी लोकेशन छिपाई। उसे विदेशी खातों से भी पैसा मिला था और उसने आईएसआईएस समर्थकों को फंड भेजा।

### पुलवामा के लिए अमेजन से मंगाया गया विस्फोटक

FATF ने अपनी रिपोर्ट में पुलवामा आतंकी हमले को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उसने बताया कि 2019 में हुए इस आत्मघाती हमले में उपयोग हुआ एल्यूमिनियम पाउडर ई-कॉमर्स साइट अमेजन से खरीदा गया था। इससे IED बम की ताकत बढ़ाई गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले के पीछे आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हाथ था और हमले के लिए जरूरी सामग्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से खरीदी गई थी। इसके साथ ही एफएटीएफ ने बताया कि ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म पर किए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विनोद तावड़े की नसीहत: सोशल मीडिया पर एक्टिव रहे सांसद-विधायक, विपक्ष के हमलों का आक्रामक तरीके से दें जवाब

मैनपाट। छत्तीसगढ़ के भाजपा विधायकों- सांसदों के प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन की बैठक के भीतर से बड़ी खबर मिली है। राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने विधायकों-सांसदों को सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा है कि, सोशल मीडिया पर सिर्फ फोटो डालने और शुभकामनाएं देने के बजाय विपक्ष के हमलों का आक्रामक तरीके से जवाब भी देना है।



उल्लेखनीय है कि, प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन एक सत्र को राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने भी संबोधित किया। भाजपा के बड़े नेताओं को लेकर किए जाने वाले विपक्ष के नेताओं के पोस्ट पर आक्रामक तरीके से रिएक्ट करने को उन्होंने कहा। सोशल मीडिया पर कम एक्टिव रहने वाले विधायकों- सांसदों को फॉलोअर्स बढ़ाने और सक्रिय रहने की भी उन्होंने सलाह दी है।

### कांग्रेस का संकल्प और समर्पण सिर्फ भ्रष्टाचार : नितिन नबीन

वहीं प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने प्रशिक्षण शिविर पर को लेकर कहा है कि, बीजेपी के कार्यकर्ता लगातार अभ्यास करते हैं। अभ्यास इसलिए ताकि बेहतर काम कर सकें। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि, जिस प्रकार सचिन तेंदुलकर जैसे क्रिकेटर को भी अभ्यास में जाना पड़ता है, वैसे ही नेताओं को अभ्यास की जरूरत पड़ती है। श्री नबीन ने कहा कि, कांग्रेस में प्लेयर जैसी कोई चीज है ही नहीं। कांग्रेस में किसी प्रकार का संकल्प और समर्पण नहीं है। श्री नबीन ने कहा कि, कांग्रेस का संकल्प और समर्पण भ्रष्टाचार है, इसलिए कांग्रेसी उसमें अच्छा अभ्यास करते हैं। उधर रायपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शिवराज ने किया मैनपाट भ्रमण: उल्टा पानी बहता देखकर बोले- सचमुच, अद्भुत है हमर छत्तीसगढ़

मैनपाट-सरगुजा। भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायकों को प्रशिक्षण देने पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मैनपाट का सौंदर्य और अद्भुत-अविष्मरणीय स्थलों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। उल्टा पानी बहता देख अचंभित हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के मुंह से अनायास ही निकल पड़ा- सचमुच, अद्भुत है हमर छत्तीसगढ़।



श्री सिंह ने मैनपाट का संपूर्ण भ्रमण करने के बाद कहा कि, प्राकृतिक सौंदर्य से भरा हुआ है यह स्थल। प्रकृति का चमत्कार भी यहां दिख रहा है, आज हम लोग उल्टा पानी पर्यटन स्थल पहुंचे। मैंने जीवन में पहली बार देखा, नीचे से पानी ऊपर की ओर बह रहा है। श्री सिंह ने कहा कि, इसके साइंटिफिक रीजन क्या हैं, देखने पड़ेंगे। लेकिन यह चमत्कार और अद्भुत है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि, पर्यटक यहां आने लगे हैं, उल्टा पानी पर्यटन स्थल को विशेष रूप से विकसित और प्रचारित करना चाहिए। हमने यहां कागज की नाव छोड़कर देखी तो बचपन भी याद आ गया।

### मुझे दी गई जिम्मेदारी से मैं खुश हूं

इसके अलावा जब उनसे जब राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि, मेरी जिम्मेदारी कृषि मंत्री (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार पर सिविल सोसाइटी सख्त

**मुख्यमंत्री और राज्यपाल को लिखा पत्र**

रायपुर। छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है। इस संबंध में सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी (एमडी, डीएम) ने राज्य के मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

डॉ. सोलंकी ने कहा कि रावतपुरा मेडिकल कॉलेज में हुए गंभीर अनियमितताओं से न केवल प्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र की गरिमा को ठेस पहुंची है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और इसकी सच्चाई सामने लाने की आवश्यकता है।

सिविल सोसाइटी की ओर से पत्र में तीन प्रमुख मांगें रखी गई हैं-

कॉलेज को तुरंत बंद किया जाए - जब तक कॉलेज को सीबीआई से क्लीन चिट नहीं मिलती, तब तक इसे बंद रखा जाए। छात्रों का भविष्य सुरक्षित किया जाए -एमबीबीएस के 150 छात्रों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बिहार अब देश का क्राइम कैपिटल, डायन कांड पर फूटा खरगे का गुस्सा; बोले- राज्य में बदलाव जरूरी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बिहार में राजधानी पटना से लेकर पूर्णिया तक व्यवसायियों और आम लोगों की हो रही हत्याओं के दौर पर गंभीर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि अवसरवादी डबल इंजन सरकार ने सूबे की कानून व्यवस्था तबाह कर दी है।



राज्य में कानून व्यवस्था के बेपटरी होने के लिए नीतीश-भाजपा सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि जदयू-भाजपा ठगबंधन ने बिहार को देश का क्राइम कैपिटल बनाने में कसर नहीं छोड़ी है और इसलिए बिहार में इस बार बदलाव तय है। पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की पिछले सप्ताहांत हुई हत्या की सनसनीखेज घटना के चंद दिन बाद ही पूर्णिया में पांच लोगों को जिंदा जलाकर मार देने की ताजा वारदात का जिक्र करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने नीतीश-भाजपा सरकार पर मंगलवार को तीखे हमले किए। मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पिछले छह माह में आठ बिजनेसमैन की हत्या हो चुकी है तो पांच बार पुलिस की ही पिटाई हुई है। अंधविश्वास के चलते सोमवार को एक ही परिवार के पांच लोगों को मारा गया और मासूम बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। राज्य के सत्ताधारी गठबंधन पर बरसते हुए खरगे ने कहा कि जदयू और भाजपा ठगबंधन ने बिहार को देश की क्राइम कैपिटल बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि मोदी सरकार के खुद के आंकड़े बताते हैं कि बिहार में गरीबी चरम पर है। सामाजिक और आर्थिक न्याय की स्थिति बद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## देश में हर चुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन की मांग, सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर देश में खास तौर पर संसदीय, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों से पहले मतदाता सूची में विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की मांग की गई है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मंगलवार को याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय से कहा कि मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से पहले प्रक्रियागत खामियों को दूर करें। इस पर याचिकाकर्ता ने याचिका पर 10 जुलाई को सुनवाई करने की मांग की, जब अन्य याचिकाओं पर सुनवाई होगी।



याचिका में भारत के चुनाव आयोग को एसआईआर करने का निर्देश देने की मांग की गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल भारतीय नागरिक ही राजनीति और नीति तय करें, न कि अवैध विदेशी घुसपैठिए।

0 200 जिलों और 1,500 तहसीलों की जनसांख्यिकी बदल गई

याचिका में कहा गया कि आजादी के बाद बड़े पैमाने पर अवैध घुसपैठ, धोखेबाजी से धर्म परिवर्तन और जनसंख्या विस्फोट की वजह से 200 जिलों और 1,500 तहसीलों की जनसांख्यिकी बदल गई। जनसांख्यिकी ही नियति है और दर्जनों जिलों में पहले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सभी देशों को राहत; 9 जुलाई नहीं; अब 1 अगस्त से लगेगा टैक्स

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर बड़ी राहत दी है। ट्रम्प ने टैरिफ बढ़ाने की तारीख फिर बढ़ा दी है। ट्रम्प ने टैरिफ डेडलाइन 9 जुलाई से बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी है। साथ ही यूएस राष्ट्रपति ने बांग्लादेश-जापान सहित 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान भी किया है। ट्रम्प सरकार ने सोमवार (7 जुलाई) को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस फैसले की जानकारी दी।



### कुछ देशों पर 25 तो कुछ पर 40 फीसदी टैक्स

ट्रम्प ने कुछ देशों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाया है। कुछ पर 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाया है। ट्रम्प सरकार ने म्यांमार और लाओस पर सबसे अधिक 40 फीसदी टैरिफ लगाया है। थाईलैंड और कंबोडिया पर 36 फीसदी टैरिफ, बांग्लादेश और सर्बिया पर 35 फीसदी टैरिफ, इंडोनेशिया को 32 फीलदी टैरिफ लगाया है। साउथ अफ्रीका और बोस्निया एंड हर्जेगोविना पर 30 फीसदी टैरिफ लगाया है। जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिसाय, कजाकिस्तान और ट्यूनीशिया पर 25 फीसदी टैक्स लगाया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25त्न शुल्क लगेगा। ट्रम्प ने लिखा-ये टैक्स इसलिए जरूरी है ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ट्रम्प ने ब्रिक्स पर निशाना साधते कहा-जो देश यूएस पॉलसी के खिलाफ जाएगा, उसपर 10% एक्ट्रा ट्रेरिफ लगाया जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एयर इंडिया बोला - ड्रीमलाइनर सबसे सुरक्षित प्लेन: दुनियाभर में इसकी हजार से ज्यादा फ्लाइट्स; पीएसी को अहमदाबाद प्लेन क्रैश की रिपोर्ट सौंपी

नई दिल्ली/मुंबई। अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले में एअर इंडिया ने पब्लिक अकाउंट्स कमेटी को रिपोर्ट सौंपी है। इसमें कहा गया है कि ड्रीमलाइनर प्लेन सबसे ज्यादा सुरक्षित विमानों से एक हैं। दुनियाभर में इसकी हजार से ज्यादा फ्लाइट्स हैं।



इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, एयरलाइन ने PAC की बैठक के दौरान अपना पक्ष रखते हुए ड्रीमलाइनर पर बयान दिया है। हालांकि, बैठक एयरपोर्ट पर लेवी चार्जेस लगाने पर चर्चा के लिए थी। वहीं, मंगलवार को अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच कर रहे विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय MOCA को अपनी प्राइमरी रिपोर्ट सौंपी। AAIB अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के साथ मिलकर काम कर रहा है। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मैनपाट में भाजपा का प्रशिक्षण शिविर: दूसरे दिन हुआ विचारों का गहन मंथन, सांसद-विधायकों ने सीखे संगठन और शासन के गुर

सरगुजा। जिले के मैनपाट में भारतीय जनता पार्टी का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। सोमवार को शिविर का दूसरा दिन था, जो पूरी तरह विचार और मार्गदर्शन से भरपूर रहा। इस दिन कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों ने सांसदों और विधायकों को संगठन, सुशासन, जनसंपर्क और नीति-निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। प्रशिक्षण शिविर में आज केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े और राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश सहित कई दिग्गज नेताओं ने मार्गदर्शन दिया। शिविर के चौथे और दिन के पहले सत्र में वी. सतीश ने हमारे कार्यविस्तार की दृष्टि सामाजिक एवं भौगोलिक विषय पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### अमित शाह का दौरा रद्द

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुधवार को मैनपाट में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने वाले थे। शाह के दौरे को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा से लेकर मंच सज्जा तक तैयारियां पूरी कर ली गई थी, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे। गृहमंत्री अमित शाह वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

## कल भारत बंद, 25 करोड़ कर्मचारी लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने 9 जुलाई, बुधवार को भारत बंद का आह्वान किया है। माना जा रहा है कि चुनावी राज्य होने के कारण बिहार में इसका असर दिखाई दे सकता है। साथ ही गैर-भाजपा शासित राज्यों में भी आम जनजीवन पर बंद का असर हो सकता है। जानकारी के मुताबिक, बैंकिंग, बीमा, डाक सेवाओं से लेकर कोयला खनन तक के क्षेत्रों के 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी इस देशव्यापी हड़ताल में हिस्सा से सकते हैं। आशंका जताई जा रही है कि कहीं-कहीं रेल और बस सेवा सहित यातायात के साधनों पर असर पड़ सकता है। हालांकि, रेलवे यूनियनों ने इस भारत बंद में हिस्सा नहीं लिया है, लेकिन पहले देखा गया है कि प्रदर्शन रेलवे स्टेशनों या ट्रेनों को निशाना बनाते हैं। देश के अधिकांश हिस्से में स्कूल और कॉलेज बंद होने की आशंका नहीं है। सार्वजनिक बसें, टैक्सियां और ऐप-आधारित कैब सेवाएं प्रभावित होने से आम आदमी को परेशानी हो सकती है।

## हाशिए पर जा सकते हैं छोटे दल: एक राष्ट्र-एक चुनाव पर पूर्व सीजेआई ने दी अपनी राय

नई दिल्ली। भारत में एक देश, एक चुनाव को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने कहा, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं है। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग को मिलने वाली शक्तियों पर गंभीर चिंता जताई है।



पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर अपनी राय संसदीय समिति को सौंपी है। बताया कि अगर यह बिल पारित होता है तो ECI को राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल घटाने-बढ़ाने की शक्ति मिल सकती है। इसे संवैधानिक संतुलन के लिहाज से उचित नहीं कहा जा सकता। पूर्व सीजेआई ने ऐसी परिस्थितियां स्पष्ट रूप से परिभाषित करने का सुझाव दिया। ताकि, आयोग स्पष्ट निर्णय ले सके। पूर्व CJI ने यह भी चेताया कि एक साथ चुनाव कराने से क्षेत्रीय और छोटी पार्टियां हाशिए पर जा सकती हैं, क्योंकि राष्ट्रीय पार्टियों के पास संसाधन और प्रभाव (शेष पृष्ठ 6 पर...)







दैनिक दावा



# केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव टी.के. अनिल कुमार ने ग्रामीण विकास कार्यों का किया गहन निरीक्षण

**राजनांदगांव (दावा)।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव टी.के. अनिल कुमार ने आज राजनांदगांव जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर केंद्र सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान), मिशन जल रक्षा, स्टार्टअप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम और वन स्टॉप फैसिलिटी के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे और जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।



### महिला सशक्तिकरण और आजीविका के केंद्र

श्री कुमार ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अंजोरा में मल्टी-यूटिलिटी सेंटर का दौरा किया। यहां उन्होंने महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल, गोपीगुरु चंदन, सिंदूर, रोली और कुमकुम के निर्माण व पैकेजिंग कार्य का अवलोकन किया। श्री गणेशा हर्बल गुलाल प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध के तहत 16 समूह की 75 महिलाएं इस कार्य में लगी हैं। महिलाओं ने बताया कि इस पैकेजिंग सेंटर से उन्हें काफी फायदा हुआ है। अब तक 181 मीट्रिक टन का उत्पादन किया गया है, जिससे लगभग 1 करोड़ 5 लाख 70 हजार रुपये की आय हुई है। उन्होंने साझा किया कि आजीविका गतिविधियों से जुड़कर उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह ने बताया कि यह हर्बल गुलाल यूनिट समूह की महिलाओं द्वारा संचालित है और उन्हें इसका स्वामित्व भी प्राप्त है। उन्होंने यह भी बताया कि एक छोटे पैमाने पर दोना-पत्तल यूनिट भी संचालित है, जिसमें 15 महिला स्वसहायता समूह की सदस्य बफर प्लेट का निर्माण कर रही हैं, जिससे लगभग 7 लाख 20 हजार रुपये का रोजगार सृजित हुआ है। अतिरिक्त सचिव ने यूटिलिटी सेंटर के स्थायित्व के विभिन्न आयामों पर चर्चा की और महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता, मार्केटिंग और ब्रांडिंग पर विशेष कार्य करने पर जोर दिया।

### जल संरक्षण और ग्रामीण उद्यमिता

टीके अनिल कुमार ने ग्राम टेडेसरा में रिचार्ज सॉफ्ट एंड इंजेक्शन वेल का भी अवलोकन किया। यह विशेष तकनीक राष्ट्रीय राजमार्ग के क्रॉस ड्रेनेज से आने वाले वर्षा जल को संग्रहीत कर परकोलेशन टैंक तक लाती है, जो फिल्टर होकर भू-जल स्तर को रिचार्ज करता है। उन्होंने जिले में जल संरक्षण के प्रयासों की सराहना की। इसके बाद उन्होंने ग्राम टेडेसरा में स्टार्टअप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के तहत मनीष साहू की दुकान का निरीक्षण किया. मनीष साहू ने बताया कि उन्होंने इस कार्यक्रम के तहत लगभग 2 लाख रुपये का ऋण लेकर इलेक्ट्रिकल, पेंट और हार्डवेयर की दुकान शुरू की। जिससे उन्हें काफी लाभ हो रहा है।

### बिहान से आत्मनिर्भर बनीं लखपति दीदियां

ग्राम पदुमतरा में श्री कुमार ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के आंचल संकुल संगठन कार्यालय का अवलोकन किया और आजीविका प्रशिक्षण केंद्र के बारे में जानकारी ली। समूह की महिलाओं ने बताया कि बिहान से जुड़ने के बाद वे अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं। जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। आजीविका मिलने के कारण वे 'लखपति दीदी' बन रही हैं। घर के पास प्रशिक्षण केंद्र होने से उन्हें काफी सुविधा मिल रही है।

महिलाओं ने अपने व्यवसाय के अनुभव साझा किए। श्रीमती तेजेश्वरी ने बताया कि वे खेती-किसानी के साथ आचार-पापड़ बनाने का काम करती हैं, जिसकी स्थानीय स्तर पर शादी के सीजन में बड़ी मांग होती है। स्वरधारा महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि वे किसान उत्पादक संगठन से जुड़कर चना, गेहूं, लाखड़ी और अन्य दालों की प्रोसेसिंग व बिक्री करती हैं, साथ ही मसाले भी बेचती हैं। उनके उत्पाद स्कूल, छात्रावास, अस्पताल और आंगनबाड़ी केंद्रों में आपूर्ति किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रोसेसिंग और पैकेजिंग के लिए मशीनें स्थापित की गई हैं और वे 65 लाख रुपये की बिक्री कर चुकी हैं।

लखपति दीदी श्रीमती कमलेश्वरी साहू ने बताया कि उन्होंने ग्राम संगठन से जुड़कर किराने की दुकान शुरू की है, जिससे उन्हें 2 से 2.50 लाख रुपये की वार्षिक आय हो रही है. श्रीमती दिव्या निषाद ने बताया कि बिहान से जुड़कर उन्होंने सिलाई, ब्यूटी पार्लर, कपड़ा दुकान, बीमा सखी, बैंक सखी और किराने की दुकान संचालित कर रही हैं। जिनकी वार्षिक आय लगभग 4 लाख रुपये है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'एट होम रिसेप्शन' में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया था।

खैरझिटी की जेसीबी दीदी श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि वे समूह से जुड़ी हैं और अपनी आजीविका के लिए जेसीबी चलाने का काम करती हैं। वह नेपाल, बैंगलोर और ओडिशा में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता रही हैं और शासन के सहयोग से जापान जा रही हैं। श्रीमती ममता देवांगन ने बताया कि उन्होंने हृऋरू से लगभग 9 लाख रुपये का ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू किया है. उन्होंने किराने की दुकान खोली, जिससे उन्हें प्रतिदिन 6 हजार रुपये की बिक्री हो रही है। लाभ होने के बाद उन्होंने राजनांदगांव में चप्पल-जूते की दुकान भी शुरू की है। उन्होंने कहा कि बिहान से जुड़ने के बाद उन्हें विभिन्न एक्सपो और प्रदर्शनियों में शामिल होने के लिए दिल्ली और हैदराबाद जाने का अवसर मिला, जिससे उन्हें भ्रमण का अवसर मिला। श्रीमती नीलेश्वरी साहू ने मशरूम उत्पादन से मिले लाभ के बारे में बताया। वह 40 गांवों में खान-पान के बारे में जानकारी दे रही हैं और अगरबत्ती निर्माण व सिलाई का काम भी करती हैं। वह विभिन्न त्योहारों के अनुसार गुलाल और राखी की बिक्री भी करती हैं। अतिरिक्त सचिव ने समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टॉल का अवलोकन भी किया।

### एफपीओ की सफलता और जल संरक्षण में नवाचार

श्री कुमार ने ग्राम सुकुलदैहान में स्वर्ण उपज महिला उत्पादक कंपनी प्रसंस्करण इकाई का भी अवलोकन किया। 15 हजार 875 महिला किसानों द्वारा संचालित यह इकाई सोयाबीन, चना और अन्य फसलों की खरीद कर चना प्रसंस्करण में लगी हुई है। एफपीओ ने वर्ष 2024-25 में 408 लाख रुपए का टर्नओवर दर्ज किया है। इस दौरान श्रीमती सावित्री साहू ने ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव का प्रदर्शन किया।

अतिरिक्त सचिव ने ग्राम बरगा में रिचार्ज सॉफ्ट एण्ड इंजेक्शन वेल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पद्मश्री फूलबासन बाई यादव ने जिले में जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे 'नीर एवं नारी अभियान' के संबंध में जानकारी दी और समूह की महिलाओं द्वारा की जा रही आजीविका मूलक गतिविधियों के बारे में बताया। इस अवसर पर एनएमएम एफएलएच बजरंग पटनायक, एनएमएम एसएमआईवी ओमप्रकाश, एनएमएम एनएफएलजे जनार्दन राऊत, राज्य से संयुक्त महाप्रबंधक आरके झा, मनोज, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के डीएमएम पिनाकी सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

## पहला कॉलम...

### नवनिर्मित शिव परिवार मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। शहर की शांति विजय कॉलोनी (डी-मार्ट के पास) में शिव धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा नवनिर्मित शिव परिवार मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा आज विधि-विधान के साथ संपन्न हो गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। फोटोग्राफर जीतू जैन ने बताया कि इस प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही यह नया मंदिर शिव भक्तों के लिए आस्था का एक नया केंद्र बन गया है। जहां वे शिव परिवार के दर्शन और पूजन कर सकेंगे।

### अनुपस्थिति : सहायक शिक्षक मुकेश कुमार मण्डावी की सेवा समाप्त

राजनांदगांव (दावा)। छुरिया विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला मोरकुटुम्ब में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) मुकेश कुमार मण्डावी की सेवाएँ समाप्त कर दी गई हैं। उन पर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का आरोप था। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने छग सिविल सेवा आचरण (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 12 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह कार्रवाई की है, जिसके तहत मण्डावी की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। यह घटना शिक्षकों के लिए एक चेतावनी है कि उन्हें अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर रहना चाहिए। अन्यथा ऐसी कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

### बीज निगम के नए अधिकारी आते ही निगम की सक्रियता बढ़ी

**किसानों से सीधे मोबाइल में संपर्क कर दे रहे जानकारी**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के जिला मुख्यालय में नए बीज निगम अधिकारी के आने से बीज निगम की सक्रियता बढ़ गई है। किसान नेता अशोक चौधरी ने बताया कि बीज निगम के अधिकारी जयंत लोध ने यहां आते हैं किसानों के साथ मोबाइल में सीधा संपर्क करना शुरू कर दिया है और उनसे बात करते हुए बीज उठाव से लेकर फसल की ग्रेडिंग प्रोसेस तक की जानकारी दे रहे हैं। इससे किसानों में खुशी देखी जा रही है। श्री चौधरी ने बताया कि निगम के नए अधिकारी श्री लोध के काम संभालते ही बीज निगम के कर्मचारी भी समय पर आ रहे हैं और सभी काम समय पर करने लगे हैं। उन्होंने इस संदर्भ में इंदामरा के किसान कृष्णा साहू व पनेका सांकल के किसान चीकू तथा खैरागढ़ क्षेत्र के किसान मीनेश से चर्चा किए जाने पर सभी ने बीज निगम के कार्यों से संतुष्टि जाहिर किया है। श्री चौधरी ने बताया कि बीज निगम के नए अधिकारी श्री लोध के आने से उसकी सक्रियता का लाभ न केवल बीज निगम को साथ ही साथ क्षेत्र के किसानों को भी मिलेगा।

## 113 सरकारी स्कूलों की मरम्मत के लिए 77.11 लाख रुपए स्वीकृत



राजनांदगांव (दावा)। जिले में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. उन्होंने जिले में संचालित 113 सरकारी प्राथमिक शालाओं, माध्यमिक शालाओं, हाईस्कूलों और हायर सेकेंडरी स्कूलों के अति आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए 77 लाख 11 हजार 475 रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

### निर्माण एजेंसियां और व्यापक सुधार

इस परियोजना का उद्देश्य जिले में स्कूल के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना है। मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम व्यापक पैमाने पर किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में, ग्राम पंचायतों को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह जिम्मेदारी संबंधित नगरीय निकायों को सौंपी गई है।

### स्वीकृत राशि

विभिन्न विकासखंडों में स्वीकृत राशि और स्कूलों की संख्या इस प्रकार है- डोंगरगढ़ के 28 सरकारी स्कूलों की मरम्मत के लिए 15 लाख 25 हजार रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। राजनांदगांव के 29 सरकारी स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए 21 लाख 4 हजार स्वीकृत किए गए हैं। डोंगरगांव के 22 सरकारी स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए 17 लाख 36 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। छुरिया के 34 सरकारी स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए 23 लाख 46 हजार 475 रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पहल निश्चित रूप से छात्रों और शिक्षकों के लिए बेहतर शिक्षण और सीखने का माहौल बनाने में मदद करेगी।





श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी फिल्म
मैं राजा तैं मोर रानी
कला : दीपक साहू, एल्सा घोस, पुष्पेन्द्र सिंग



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


## राजनांदगांव में पानी संकट : नेता प्रतिपक्ष ने की दोनों टाइम सप्लाई की मांग, निगम आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल

**कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल पहुंचा आयुक्त दफ्तर, नगर के मूलभूत समस्या का निराकरण करने मिला आश्वासन**



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मोहरा नदी के पास स्थित फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर शहर की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा की। जिनमें सड़क, नाली, बिजली, सफाई और पानी की किल्लत प्रमुख थीं। आयुक्त ने इन समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है।

### नदी लबालब, एक टाइम पानी की सप्लाई पर सवाल

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले एक महीने से नगर निगम द्वारा नलों में पानी की सप्लाई एक टाइम कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शिवनाथ नदी का एनीकेट लबालब भरा हुआ है, बावजूद इसके शहर में एक ही समय पानी की आपूर्ति की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने जोर दिया कि पर्याप्त पानी उपलब्ध होने के बावजूद दोनों टाइम पानी की सप्लाई होनी चाहिए। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने इरिगेशन विभाग से संपर्क कर बाढ़ नियंत्रण के लिए मोहरा स्थित एनीकेट के गेट कब खोलने और कब बंद करने हैं। इस पर आपस में तालमेल बनाने को लेकर चर्चा की। इसका उद्देश्य मोहरा फिल्टर प्लांट में बाढ़ के खतरे को कम करना और बरसात के मौसम में लोगों को पीने के पानी की समस्या से बचाना है।

### जल-जमाव, सफाई व सड़कों की गुणवत्ता पर चर्चा

प्रतिनिधिमंडल ने शहर में जल-जमाव की स्थिति से निपटने के लिए एक टीम गठित करने और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए बड़े नालों की पुनः सफाई करने की भी बात रखी। आयुक्त से चर्चा के दौरान, हाल ही में बनी डामर की सड़कों के उखड़ जाने की शिकायत भी की गई। प्रतिनिधिमंडल ने इन सड़कों की मरम्मत के साथ-साथ मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षदों के निधि के कार्यों को जल्द पूरा करने और उनके मानदेय जारी करने को लेकर भी आयुक्त से चर्चा की गई। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से पूर्व जल विभाग चेयरमैन और वर्तमान पार्षद सतीश मसीह, पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि आमीन हुड्डा, पूर्व स्वास्थ्य विभाग चेयरमैन गणेश पवार, पूर्व पार्षद दल प्रवक्ता ऋषि शास्त्री, और पूर्व पार्षद शरद पटेल उपस्थित रहे।

## पुलिस ने शहर में उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ की कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में आम जगह में उत्पात करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

उक्त अभियान के दौरान प्रार्थी महेश मेश्राम पिता स्व. प्रहलाद मेश्राम उम्र 30 वर्ष निवासी ममता नगर गली नं. 06 के साथ 7 जुलाई सोमवार को घटना स्थल ऋषि होटल कें पास ममता नगर में आरोपी राहुल बैरागी उर्फ बद्री पिता स्व0 तारेश्वर बैरागी उम्र 21 वर्ष व भावेश साहू पिता मोहन साहू उम्र 21 वर्ष दोनों निवासी राजीव नगर वार्ड नं. 31 लखोली एवं युवराज सिंह राजपूत उर्फ दीप राजपूत उम्र 21 वर्ष निवासी बजरंग चौक तुलसीपुर द्वारा मारपीट किया गया था। जिस पर आरोपियों के खिलॉफ अप.क्र. 344/25 धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त अपराध में आज 08 जुलाई को आरोपियों को गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया था। इसके पश्चात आरोपियो ने ममता नगर पहुंचकर प्रार्थी को तुम हमारे खिलॉफ थाने में रिपोर्ट किया है, कहकर लड़ाई झगड़ा कर देख लेने व मारने पीटने की धमकी दे रहे थे। इस दौरान मौके पर पहुंचे पुलिस स्टॉफ द्वारा समझाने का प्रयास किया गया। नहीं मानने पर शांति भंग होने की स्थिति में तत्काल धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया।

### धरा गया आम जगह पर उत्पात करने वाला आरोपी

इसी तरह गांधी चौक में आम जगह पर लवकेश पटेल पिता होरी लाल पटेल उम्र 24 वर्ष साकिन दीवानपारा वार्ड नं. 24 द्वारा हो-हल्ला कर उत्पात मचाने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत उसे गिरफ्तार किया गया। चारों अनावेदको के खिलॉफ शांति व्यवस्था बनाये रखने धारा 126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा कायम कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया जहां से, जेल वारंट प्राप्त होने पर उन्हें जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है। थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि आगे भी आदतन बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के खिलॉफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

## नि:शुल्क तैराकी प्रशिक्षण संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद राजनांदगांव द्वारा संचालित निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण 2025 का सफलतापूर्वक 6 जुलाई को समापन किया गया। रानीसागर तालाब में अधिक पानी होने के कारण अगले सत्र तक लिए स्थगित किया गया। तैराकी प्रशिक्षण पर सैकड़ो बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन परीक्षण पर अखिल भारतीय भूत पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक भाटिया, नायक सूबेदार बसंत राउटे, वर्तमान अध्यक्ष झा, गुमान सिंह साहू, पीयूष कुमार व अन्य पूर्व सैनिक राजनांदगांव एवं आसपास के परीक्षार्थी बच्चे एवं पालक उपस्थित हुए। यह जानकारी पूर्व सैनिक अंगेशर प्रसाद सिन्हा ने दी।

## पहले के किए गए अपराध में दो आदतन बदमाशों को नवीन कानून के तहत दी गई सजा

### जिला बदर कार्रवाई का किया गया था उल्लंघन





राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने दो बदमाशों को उनके द्वारा पूर्व में किए गए अपराधों नवीन कानून के तहत किये गये साक्ष्य संकलन के आधार पर न्यायालय द्वारा सजा सुनायी गयी है। बताया जाता है कि उक्त दोनों आदतन बदमाशों को शराब पीने हेतु व्यापारियों से पैसों की मांग करने पर को 1-1 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई थी।

चौकी चिखली थाना प्रभारी उमेश बघेल ने बताया कि गत वर्ष 17 अगस्त 2024 को प्रार्थी सोनराज नखत निवासी चिखली वार्ड नंबर 05 का पुलिस चौकी आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि सूरज उर्फ राजा साहू पिता टिबलू साहू उम्र 36 वर्ष व सोनु उर्फ प्रदीप साहू पिता टिबलू साहू उम्र 34 वर्ष निवासी चिखली वार्ड नंबर 05 आए दिन शराब पीकर नशे में दुकान में आकर पैसों की मांग करते है तथा दिन दुकान से फ्री में सामान मांगते रहते है। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। बताया गया कि वे दोनो आदतन बदमाश है जिनके द्वारा अत्यधिक परेशान किया जाता है। इस पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. - 501/2024 धारा 296, 351(2),119(1), 3(5) बीएनएस, छ.ग. राज्य सुरक्षा अधि. की धारा 14 सन् 1990, की कायम कर विवेचना मे लिया गया था।

### जिला बदर कार्रवाई का किया गया उल्लंघन

जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिला बदर किये जाने के आदेश का उल्लंघन कर आरोपी सोनू उर्फ प्रदीप साहू को राजनांदगांव की सीमा में उपस्थित रहने के कारण आदेश का उल्लघन किया जाना पाये जाने पर धारा 14 छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 में एकवर्ष का साधारण कारावास से दंडित किये जाने की सजा सुनाई गयी है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-4-0
233-8 224-8
राजधानी
1-3-8
889-5 559-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हनीश कुमार भंगु पिता अनिल कुमार भंगु निवासी ओजस्वी अपार्टमेंट मैत्री नगर रिसाली, सिविक सेंटर भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। यह शपथ करता हूँ कि मेरे पेन कार्ड में मेरा नाम हनीश कुमार भंगु पिता अनिल कुमार भंगु व पासपोर्ट में हनीश कुमार भंगु पिता अनिल कुमार भंगु तथा मार्कशीट में जन्मतिथि 29/6/1988 है व नाम में हनीस भंगु पिता ए. के. भंगु प्रिंट है, जो त्रुटिवश गलत प्रिंट हुआ है।

चूंकि मेरा वास्तविक व सही नाम हनीश कुमार भंगु पिता अनिल कुमार है व जन्मतिथि 29/6/1987 है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे सही नाम हनीश कुमार भंगु पिता अनिल कुमार भंगु से व जन्मतिथि 29/6/1987 से ही जाना व पहचाना जावें ।

**हनीश कुमार भंगु**
पिता अनिल कुमार भंगु निवासी ओजस्वी अपार्टमेंट मैत्री नगर रिसाली, सिविक सेंटर भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

### Name Change

It is informed to the general public that I am Hanish Kumar Bhangu, s/o Anil Kumar Bhangu, am a resident of Ojaswi Apartment, Maitri Nagar, Risali, Civic Center, Bhilai, Durg (CG). in my PAN card name is Hanish Kumar Bhangu s/o Anil Kumar Bhangu and my passport name is Hanish kumar Bhangu, s/o Anil kumar Bhangu, and my Marksheet Name Hanish Bhangu s/o A. K. Bhangu and birth date 29-6-1988 is print mistak.

which is printed incorrectly due to a mistake. Since my actual and correct name is Hanish Kumar Bhangu, s/o Anil Kumar and my date of birth is 29/6/1987.Therefore, from today onwards, I should be known and identified by my correct name Hanish Kumar Bhangu, s/o Anil Kumar Bhangu and my date of birth is 29/6/1987 in all government, semi-government and other documents.

**Hanish Kumar Bhangu**
s/o Anil Kumar Bhangu, am a resident of Ojaswi Apartment, Maitri Nagar, Risali, Civic Center, Bhilai, Durg (CG)

### न्यायालय नजूल अधिकारी जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

**//उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्र. 202507201500005 शीर्ष- अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक/598/वा. नजूल/2025
खैरागढ़, दिनांक 08/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ क्रेता टैलेस सिंह बैस पिता मनोहर सिंह निवासी गायत्री नगर गंजीपारा वार्ड क्रमांक-03 खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला सिविल लाईन ब्लॉक नं. 01, भू-खण्ड भखण्ड क्रमांक 88/3 का टुकड़ा कुल क्षेत्रफल 2450 वर्गफूट में से 1225 वर्गफूट को पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 11.04.2025 के माध्यम से अनावेदक/ विक्रेता श्रीमती सोनाली कर्महे पति योगेन्द्रनाथ कर्महे निवासी तुरकारीपारा खैरागढ़ जिला-के.सी.सी. से क्रय उपरांत उक्त वाद भूमि संबंधी अभिलेख पर अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति आपेक्ष ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अविध के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

# आर.के. नगर चौक में स्कूल बस ने बाइक सवार को कुचला, युवती की मौत, युवक ज़ख्मी

**शहर के कालेज में परीक्षा देने आए रही थी युवती, सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत**

राजनांदगांव (दावा)। मंगलवार की सुबह शहर के आरके नगर चौक पर एक गंभीर हादसा हो गया। सुबह तकरीबन साढ़े आठ-नौ बजे डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ानछापा से शहर के कालेज में परीक्षा देने आए रही युवती को चौक के समीप रांग साइड से आ रही तेज रफ्तार स्कूल बस ने उसे चपेट में ले लिया। इससे वह बाइक सहित उक्त तेज रफ्तार बस के चक्के तले आ गई और उसमें कुचले जाने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई।




बताया जाता है कि उक्त हादसे में गंभीर रूप से ज़ख्मी हुई एक युवती को तत्काल मेडिकल कॉलेज हास्पीटल ले जाया गया लेकिन वहां जाते तक उन्होंने दम तोड़ दिया। युवती का नाम त्रिलोका पिता सावंत यादव उम्र 28 वर्ष बताया जाता है।

कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत हुई मंगलवार सुबह की इस घटना के संदर्भ में कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम बुढ़ानछापा से त्रिलोका नामक युवती अपनी बहन के लड़के लोकनाथ यादव के साथ बाइक में शहर के रायल कालेज में बीएड की परीक्षा देने आ रही थी। बाईक आर के नगर सिग्नल के पास लालबत्ती होने पर रुका और जैसे ही हरा सिगनल हुआ बाईक आगे की ओर बढ़ रहा था।

इसी दौरान राग साइड से आ रही अजीज स्कूल की बस क्र. सीजी 08 एम 0331 ने बाइक सवार को अपनी चपेट में लिया है। इससे उक्त दर्दनाक घटना घट गई। इस घटना में बाइक चला रहे, युवती की बहन का लड़के के पैर में चोटे आई है। पुलिस ने उक्त स्कूली बस को अपने कब्जे में लेकर आरोपी लापरवाह बस चालक को अपनी कस्टडी में ले लिया है।

# गुण्डा बदमाशों, हिस्ट्रीशीटर्स, असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश पुलिस ने की कार्रवाई

**प्रतिबंधात्मक धाराओं में 58 आरोपी, आबकारी एक्ट के तहत् 35 आरोपी एवं आर्म्स एक्ट के तहत एक आरोपी आए पुलिस के गिरफ्त में**




राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में बढ़ते अपराध के मद्देनजर पुलिस द्वारा गुंडे बदमाश, हिस्ट्री शीटर्स सहित आपराधिक तत्वों पर नजर रखते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी गई है। इसके तहत पुलिस द्वारा कुल 33 प्रकरण में 58 आरोपियों के विरूद्ध 151 जा.फौ. (170/126,135(3)) प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आदतन अपराधियों एवं बदमाशों पर की जा रही पुलिस की प्रभावी कार्यवाही से आपराधिक तत्वों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

बताते चलें कि जिले में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा/शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, आदतन अपराधियों, असामाजिक तत्वों, अवैध रूप से रह रहे अप्रवासी भारतीयों, संदेही पर विशेष अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया था। जिस पर गत एक जुलाई से 7 जुलाई तक 01 सप्ताह में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 03 प्रकरण में 03 आरोपी, थाना बसंतपुर में 06 प्रकरण 19 आरोपी, थाना लालबाग में 01 प्रकरण में 01 आरोपी, थाना डोंगरगांव में 08 प्रकरण में 15 आरोपी, थाना डोंगरगढ़ में 07 प्रकरण 10 आरोपी, थाना बागनदी में 01 प्रकरण 01 आरोपी, ओपी चिखली में 05 प्रकरण 07 आरोपी, ओपी मोहारा में 01 प्रकरण 01 आरोपी, ओपी सुकुलदैहान में 01 प्रकरण 01 आरोपी, इस प्रकार कुल 33 प्रकरण में 58 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त 34(1) आबकारी एक्ट के तहत् 07 प्रकरणों में 07 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर 23.6 लाटर शराब कीमती 11140 रूपये जप्त किया गया एवं 36(च) आबकारी एक्ट के तहत् 28 प्रकरणों में 28 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। थाना लालबाग अंतर्गत आरोपी संदीप साहू उम्र 23 साल निवासी फरहद के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही कर उसके कब्जे से धारदार हथियार चाकू जप्त किया गया। इस प्रकार जिले में अपराधों की रोकथाम हेतु लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# पुलिस से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**अशांति फैलाने वाले 5 बदमाश भी हुए गिरफ्तार**

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 5 आरोपियों को धर दबोचा है वहीं ड्यूटी के समय में पुलिस के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

चौकी चिखली प्रभारी ने बताया कि 7 जुलाई मंगलवार को चौकी चिखली मे तैनात आरक्षक अविरल भगत को समंस वारंट तामिली हेतु टाउन रवाना किया गया था। इस दौरान दीनदयाल नगर चिखली से साक्षी जमानतीय वारंट तामिल कर शिवनगर जा रहा था कि नाला गली के रास्ते मे एक व्यक्ति नशे की हालत मे सड़क के बीचोबीच खड़ा था जिसे किनारे खड़ा होने कहने पर वह अश्लील गाली गलौच करने लगा और मना करने पर हाथ मुक्के से मार-पीट करने लगा। मारपीट के दौरान प्रार्थी आरक्षक वर्दी का बटन टूट गया। इस सूचना पर घटना जानकारी तत्काल दुरभाष के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में मौके पर पहुंच कर मारपीट करने वाला व्यक्ति को धर दबोचा गया। उसका नाम पता पूछने पर बलवंत राव पिता केशव उम्र 43 साल निवासी शिवनगर ओपी चिखली का रहने वाला बताया। पुलिस ने ड्यूटी में बाधा डालने वाले उक्त आरोपी के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे आदेशानुसार जेल दाखिल कर दिया गया।

### असामाजिक तत्वों के खिलाफ की गई कार्रवाई

चौकी चिखली पुलिस ने क्षेत्र मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने असामाजिक तत्वों के विरूद्ध अभियान भी चलाए रखा है। इसके तहत गौरव सेन पिता मनोज सेन उम्र 28 साल निवासी बंगाली चाल बसंतपुर, कृष्णा पाटल पिता जीवराखन पाटल उम्र 23 साल निवासी मोतीपुर, सतीश मोंगरे पिता स्व. बजरंग मोगरे उम्र 32 वर्ष वार्ड नं. 05 शांतिनगर, विपिन जांगड़े पिता शिव कुमार जांगड़े उम्र 30 साल निवासी 16खोली स्टेशनपारा वार्ड नं.11, नागेश साहू पिता स्व. उत्तम साहू उम्र 21 साल निवासी शांतिनगर स्कुल पास ओपी चिखली द्वारा आमजन एवं आवेदकों के साथ वाद विवाद करने व पुलिस द्वारा समझाने पर और अधिक आक्रोशित होने से संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल संभावना पर उनके खिलाफ धारा 170, 126,135(3) बीएनएसएस के तहत विधिवत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश किया गया।

# बसंतपुर पुलिस ने आदतन बदमाश व असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही

**फरार चल रहे आरोपी भी आए पुलिस की गिरफ्त में**




राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के आदतन बदमाशों, असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई की है। इस क्रम में पुलिस के हाथो फरार चल रहे आरोपी भी लगे है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि न्यायालय से प्राप्त 02 गिरफ्तारी वारंटी एवं 06 अनावेदकगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है जहॉ से जेल वारंट प्राप्त होने पर उन्हें जिला जेल में दाखिलकर दिया गया है। इसमें टीम द्वारा 2 गिरफ्तारी वारंट एवं थाना क्षेत्रान्तर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड़ करने वाले 6 अनावेदकों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्व धारा 170, 126,135(3) बीएनएसएसएस के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तारी वारंटी एवं आवेदकगणों को संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

जहां उक्त अनावेदकों नागेश नेताम पिता उंमेद 20 वर्ष निवासी पेंडारी आवास, सौरभ प्रजापति पिता सालिकराम निवासी मोहारा वार्ड, चिरंजीव कुंभकार पिता राजीव 25 वर्ष निवासी मोहारा वार्ड, गौरव पांडे पिता मनोज 25 वर्ष निवासी सिंगदई चौक, डेविड साहू पिता यादवराम 23 वर्ष निवासी लखोली वार्ड तथा उज्जवल पिता सुरेश रजक 20 वर्ष निवासी चौखड़िया पारा को न्यायालय से गिरफ्तारी वारंटी का जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात उन्हें जिला जेल दाखिल किया गया।

# योगिता कुंबले को 'हिंदुस्तान यूथ आईकॉन' राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा




राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के प्लांदूर गांव की निवासी योगिता कुंबले को समाजसेवा में उनके निःस्वार्थ और उत्कृष्ट योगदान के लिए 'राष्ट्रीय पुरस्कार हिंदुस्तान यूथ आइकॉन' से सम्मानित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर की राष्ट्रीय सामाजिक संस्था यूथ विजन वेलफेयर सोसाइटी यह सम्मान प्रदान करेगी और उनका नाम 'हिंदुस्तान यूथ आइकॉन बुक ऑफ रिकॉर्ड' में भी शामिल किया जाएगा। योगिता, ललेश कुमार कुंबले और सविता बाई कुंबले की बेटी हैं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना से लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रमों तक

योगिता कुंबले ने अपनी शुरुआती शिक्षा शासकीय उच्चतर विद्यालय मुसरा से प्राप्त की। जहां उन्होंने मुन्ना लाला साहू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) से जुड़कर समाज सेवा की नींव रखी। इसके बाद राजनांदगांव के प्रसिद्ध शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा इकाई से जुड़कर उन्होंने निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य में योगदान दिया। शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में रहते हुए, योगिता ने पढ़ाई के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में कई गाँवों में महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध, शिक्षा और नशा मुक्ति जैसे विभिन्न विषयों पर जन-जागरूकता संदेश पहुंचाए। अपनी टीम के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी उन्होंने लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

### सामाजिक बदलाव और राष्ट्र निर्माण में योगदान

समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य और सामाजिक बदलाव एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए योगिता राजनांदगांव जिले की सामाजिक संस्था रीड यूथ सोसाइटी से भी जुड़ी हुई हैं, जहां उन्हें लेखापाल का पद दिया गया है। योगिता कुंबले के माता-पिता, श्रीमती सविता बाई कुंबले और ललेश कुमार कुंबले अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्हें खुशी है कि उनकी युवा बेटी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रही है और इसी योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। योगिता ने इस सम्मान का हकदार बनाने के लिए अपने माता-पिता, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे, मन्नालाल साहू और हॉस्टल अधीक्षक का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन के फलस्वरूप ही वे समाजसेवा में निःस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाईं।

# शिवनाथ नदी में जलस्तर बढ़ा, मोखला-जंगलेशर मार्ग पर एनीकट डूबा, रास्ता बंद



राजनांदगांव (दावा)। शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण ग्राम मोखला और जंगलेशर को जोड़ने वाला मार्ग बंद हो गया है। बताया जा रहा है कि इस मार्ग पर स्थित एनीकट पूरी तरह से डूब गया है, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे इस मार्ग का उपयोग न करें और वैकल्पिक रास्तों का चुनाव करें। मानसून की सक्रियता के कारण नदी-नालों में पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है, इसलिए सावधानी बरतना आवश्यक है।

# सावन सोमवार को दोपहर 2 बजे के बाद शैक्षणिक संस्थाओं में अवकाश की मांग

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं, संगठनों और संघों द्वारा यह मांग की जा रही है कि सावन माह के प्रत्येक सोमवार को शैक्षणिक संस्थाओं में दोपहर 2 बजे के बाद अवकाश घोषित किया जाए। उनका तर्क है कि सावन का हर सोमवार एक महत्वपूर्ण धार्मिक दिवस होता है।

### धार्मिक आयोजनों में भागीदारी हेतु अवकाश की आवश्यकता

इस संबंध में संस्कारधानी श्रद्धालुगण, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिलामंत्री अनुप श्रीवास, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, बाबा मेश्राम, माँ शीतला मंदिर से राजकिशोर दुबे, मिथलाधाम गणेश मंदिर से अशोक चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, लालबागेश्वर धाम से आवतराम तेजवानी, संजय तेजवानी, धार्मिक कार्यकर्ता राजेंद्र यादव, पवन डागा, राकेश यादव, शरद सिन्हा, मणीभास्कर गुप्ता, कमलेश सूर्यवंशी, अतुल रायजादा, रवि सिन्हा, राजा माखीजा, अशोक लोहिया, आलोक बिंदल, श्रीमती संगीता शुक्ला, जयेश चटवानी, मिथलेश शुक्ला, हेमंत तिवारी, महेश खंडेलवाल, लायंस क्लब से अमित खंडेलवाल, कमल किशोर साहू, ललित भंसाली, संस्कारधानी सेवा संस्थान से राजेश श्यामकर, योगेश खत्री, भावेश अग्रवाल, मानव देशमुख, हरीश गांधी, गायत्री परिवार, संजय शर्मा बालाजी और समस्त धार्मिक कार्यकर्ताओं ने यह मांग उठाई है। इन पदाधिकारियों का कहना है कि



**पूर्व में हर सावन सोमवार को अवकाश दिया जाता था**

इस अवकाश से विद्यार्थियों और शिक्षकों को सावन सोमवार को होने वाले धार्मिक आयोजनों में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

### धार्मिक पहचान और जनभावनाओं का हो सम्मान

सभी पदाधिकारियों ने इस संबंध में कहा है कि राजनांदगांव को आज 'महाकाल की नगरी' के रूप में एक नई धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान मिल रही है, जो सभी के लिए गौरव का विषय है। सावन माह में प्रत्येक सोमवार को नगर में बाबा महाकाल की धार्मिक यात्राएं, पालकी यात्राएं और अन्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता के प्रतीक बन चुके हैं। इस पुण्य अवसर पर बच्चों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और नागरिकों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने निवेदन किया है कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में सावन माह के प्रत्येक सोमवार को दोपहर 2 बजे के बाद आधिकारिक अवकाश घोषित किया जाए। उनका मानना है कि इस निर्णय से विद्यार्थियों में धार्मिक जागरूकता, संस्कारों की शिक्षा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा, जिससे संस्कारधानी की छवि और भी प्रबल होगी। पदाधिकारियों ने यह भी याद दिलाया कि सावन सोमवार को पहले भी शैक्षणिक संस्थाओं में 2 बजे के बाद अवकाश देने की व्यवस्था रही थी और भविष्य में भी इसे लागू रखा जाना चाहिए। उन्होंने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है।

# गायत्री स्कूल में लायंस टॉप-टेन प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला 'लायंस टॉप टेन प्रतिभा सम्मान समारोह' इस वर्ष भी गायत्री स्कूल में धूमधाम से संपन्न हुआ। यह इस कार्यक्रम का पांचवां सफल आयोजन था, जिसका मुख्य उद्देश्य मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उन्हें शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित करना है। कार्यक्रम का प्रायोजन समाजसेवी लायन सुनील बरडिया ने अपनी माता मातुश्री स्व. संतोष बाई बरडिया की स्मृति में किया। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग रहे। जिन्होंने सभी टॉपर्स बच्चों को उनकी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी मोहित गर्ग ने सभी टापर्स बच्चों को दी बधाई**

लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम सेवा की राह में क्लब द्वारा बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि 'लायंस टॉप टेन कार्यक्रमों ने न सिर्फ छात्रों के ज्ञान और समझ को बढ़ाया है, बल्कि उनमें सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी जागृत की है।' इस गरिमामय आयोजन में गायत्री विद्या पीठ के कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉप टेन प्रतिभावान बच्चों को शील्ड, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान का लक्ष्य बच्चों में बौद्धिक विकास और शिक्षा के प्रति लगाव उत्पन्न करना है, ताकि वे अन्य टॉपर्स से प्रेरणा लेकर अपनी प्रतिभाओं को निखार सकें और जीवन में सफलता की ओर अग्रसर हों। सम्मान समारोह के साथ ही, लायंस क्लब ने गायत्री विद्या पीठ परिवार के साथ मिलकर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित रखना और भविष्य में गर्मियों की भीषण मार से होने वाली समस्याओं को कम करना है।

कार्यक्रम में गायत्री स्कूल के चेयरमैन बृजकिशोर सुरजन ने मुख्य अतिथि एसपी मोहित गर्ग का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रीजन चेयरपर्सन लायन राजकुमार शर्मा, जोन चेयरपर्सन लायन शारदा तिवारी, टॉप टेन संस्थापक लायन सुनील बरड़िया, सचिव लायन मयंक शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन सुरेश शर्मा, टॉप टेन चेयरमैन लायन मनोज गुप्ता, लायन राजेश जैन, सीए शोभा चौरसिया, तरणदीप अरोरा, अशोक पवार, डॉ. गिरीश श्रीवास्तव, चंद्रिका सिन्हा, भावेश अग्रवाल, धीरज सोनी, नितेश पटेल सहित लायंस क्लब के गणमान्य सदस्य, गायत्री विद्या पीठ और गायत्री विद्या मंदिर स्कूल की प्राचार्या, शिक्षकगण, पालकगण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 'रूप नहीं गुण को देखो' परियोजना का राजनांदगांव में जिला स्तरीय शुभारंभ

**उड़ने के लिए गुब्बारे को रंग नहीं गैस की जरुरत होती है- मधुसूदन**




राजनांदगांव (दावा)। किशोर-किशोरियों को जागरूक करने और उनमें सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से 'रूप नहीं गुण को देखो' परियोजना का जिला स्तरीय शुभारंभ राजनांदगांव में किया गया। यह पहल जिला प्रशासन, यूनिसेफ, सर्वहितम और अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के संयुक्त तत्वावधान में की गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर मधुसूदन यादव ने किया। महापौर मधुसूदन यादव ने इस अवसर पर एक प्रेरणादायक बात कही, 'गुब्बारे अपने रंग की वजह से ऊंचाइयों को नहीं छूते, बल्कि उनके अंदर की गैस के कारण वो उड़ान भर पाते हैं।' उनका यह कथन परियोजना के मूल विचार को दर्शाता है कि व्यक्ति का बाहरी रूप नहीं, बल्कि उसके गुण और आंतरिक क्षमता महत्वपूर्ण होती है।

अलायंस के संभाग प्रमुख शरद श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण और एजेंडा निर्धारण किया, जबकि राज्य प्रमुख मनीष कश्यप ने परियोजना की प्रस्तावना प्रस्तुत की। जिला शिक्षा अधिकारी प्रभाष सिंह बघेल ने इस बात पर जोर दिया कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरप्रीत कौर ने बताया कि किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलावों को देखते हुए यह कार्यक्रम किशोर-किशोरियों के लिए बेहद लाभदायक साबित होगा। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षकों ने 'पढ़ाई का कोना' और 'आज क्या सीखा' जैसे विषयों पर पीपीटी और खेल के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर यूनिसेफ जशपुर के जिला समन्वयक तेज सारथी, यूनिसेफ राजनांदगांव की जिला समन्वयक दिव्या राजपूत, राजनांदगांव समन्वयक विनोद टेम्बुकर, अलायंस मेंबर गायत्री सिंह, सत्यमित्र शास्त्री, प्रोग्राम कंटेंट राइटर सौरभ सिंह, शिक्षा विभाग के शिक्षकगण, बिहान के मास्टर ट्रेनर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पहल कार्यक्रम के कार्यकर्ता, कॉलेज के छात्र-छात्राएं और स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> आदत किसी भी चीज की अच्छी नहीं होती अति होने पर हमेशा कष्टदायक होती है।

## फर्जी लाभार्थियों पर लगाम, केवाईसी पर देना होगा ध्यान

यह ठीक है कि अनावश्यक केवाईसी नहीं होनी चाहिए और बार-बार नहीं होनी चाहिए लेकिन कुछ योजनाओं और सुविधाओं में तो अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। यह आवश्यक हो गया है कि सिम कार्डधारकों की केवाईसी के साथ ही उसे आधार से जोड़ने का काम इस तरह से हो ताकि कोई भी फर्जी नाम से सिम न लेने पाए।

लोगों की पहचान और उनके दस्तावेजों की पुष्टि करने वाली प्रक्रिया कितनी लाभकारी सिद्ध हो रही है, इसका पता पंजाब में लाखों की संख्या में फर्जी लाभार्थियों के सामने आने से चल रहा है। इस राज्य में 45 लाख परिवार सस्ता अनाज ले रहे थे। जब उनसे केवाईसी कराने को कहा गया तो पात्र लाभार्थी काफी कम निकले।

करीब 31 लाख लोग भ्रष्ट तौर-तरीकों का सहारा लेकर अपात्र होते हुए भी केंद्र सरकार की सस्ता अनाज योजना का लाभ उठा रहे थे। इससे बड़ी विडंबना और चिंता की बात कोई नहीं कि जो लोग गरीबी रेखा से नीचे नहीं थे वे भी मुफ्त अनाज ले रहे थे। जिन लाखों लोगों ने केवाईसी नहीं कराई उनके बारे में इस नतीजे पर पहुंचना स्वाभाविक है कि वे अपात्र थे।

यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी सरकारी सुविधा अथवा रियायत या राहत का अनुचित लाभ उठाया जा रहा हो। इस तरह के मामले अन्य अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं में भी सामने आते रहे हैं। इन मामलों के सामने आने से इसी आवश्यकता को बल मिलता है कि प्रत्येक योजना के लाभार्थियों की केवाईसी कराई जानी चाहिए। किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड समेत अन्य अनेक मामलों में केवाईसी होती है।

उचित यह होगा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रत्येक योजना को केवाईसी से जोड़ा जाए ताकि सरकारी सहायता और सुविधा का लाभ उन्हीं लोगों को मिल सके जो उसके अधिकारी हैं। इसका कोई औचित्य नहीं कि जो पात्र नहीं यानी सक्षम हैं, वे किसी भी सरकारी सुविधा-सहायता का अनुचित लाभ उठाएं।

ऐसा इसलिए नहीं होना चाहिए, क्योंकि केंद्र एवं राज्य सरकारें सैकड़ों करोड़ रुपये की सब्सिडी देती हैं। इस सब्सिडी का दुरुपयोग भ्रष्टाचार के अलावा और कुछ नहीं। कई बार इस भ्रष्टाचार में सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल होते हैं। निश्चित तौर पर नेता लोग भी शामिल होते हैं और इसीलिए वे यदाकदा केवाईसी को अनावश्यक एवं जटिल भी करार देते हैं।

यह निरा झूठ है और एक तरह से भ्रष्टाचार की अनदेखी भी। इसका अनुमान लगाना कठिन है कि फर्जी लाभार्थियों ने कितनी बड़ी धनराशि अनुचित रूप से हासिल की होगी। इस राशि का एक बड़ा हिस्सा भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों की जेब में गया होगा। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि अपने देश में भ्रष्टाचार के नियंत्रित न हो पाने का एक बड़ा कारण भ्रष्ट नेता, अधिकारी एवं कर्मचारी भी हैं। कई बार आम लोग भी भ्रष्ट तौर-तरीके अपनाने में संकोच नहीं करते। यह ठीक है कि अनावश्यक केवाईसी नहीं होनी चाहिए और बार-बार नहीं होनी चाहिए, लेकिन कुछ योजनाओं और सुविधाओं में तो अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। यह आवश्यक हो गया है कि सिम कार्डधारकों की केवाईसी के साथ ही उसे आधार से जोड़ने का काम इस तरह से हो ताकि कोई भी फर्जी नाम से सिम न लेने पाए।

## कविता

### बेटी बोझ नई होय

आंखी आय बेटा, त पलक आय बेटी।
धड़कन आय बेटा, त स्वास आय बेटी।
शान आय बेटा, त सम्मान आय बेटी।
आस आय बेटा, त बिसवास आय बेटी।
बेटी जनम धरई ह दोष नई होय,
बेटी कहु बर बोझ नई होय।।
आजकल तो बेटी मन, बंदूक घलो उठावत हे।
चिता ल अगनी देथे, अऊ बोही के ले जावत हे।
धन हे ता बेटा ह, ददा ल सम्मान देथे।
बेटी ह मरे के बेरा, ददा ल किडनी दान देथे।
बेटा म बेटी असन सोच नई होय,
बेटी कहु बर बोझ नई होय।।
बेटा के जम्मो बूता ल, अब बेटी मन करत हे।
कहु बनगे डॉक्टर, कहु सरहद म लड़त हे।
दाई ददाल पोसे के, बेटा म दम नईये।
अब तो बेटी ह घलो, बेटा ले कम नईये।
बेटी ह वो हीरा आय, जेकर खोज नई होय,
बेटी कहु बर बोझ नई होय।।



**आनंद राम सार्वा**
**कु.बो. भाठागांव**

# लगातार अपनी विश्वसनीयता को कमतर कर रहे ट्रंप

**डॉ. एस.के. मिश्र**

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपनी विश्वसीयता को कमतर कर रहे हैं। कभी अनाप-शनाप निर्णय के कारण तो कभी भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का श्रेय लेने के कारण। ताजा मामला ईरान और इजरायल के बीच युद्ध विराम के एकतरफा ऐलान का है। इस कदम के फलस्वरूप न केवल उनके देश के नागरिकों में गुस्सा है बल्कि उनके सहयोगी देश भी सकते में हैं। यही नहीं ट्रंप ने दवा किया कि दोनों देश शांति के लिए उनके हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से विस्तृत युद्ध विराम की घोषणा की। आपने दावा किया कि ईरान और इजरायल लगभग एक साथ मेरे पास आए और कहां 'शांति', मुझे पता था कि अब समय आ गया है। विश्व और मध्य पूर्व ही असली विजेता है।' आगे कहा कि 'इजरायल और ईरान का भविष्य असीमित है और महान आशाओं से भरा है दोनों देश अपने भविष्य में जबरदस्त स्नेह, शांति और समृद्धि देखेंगे। विचारणीय विषय यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम योजना को स्वीकार कर लिया ताकि मध्य पूर्व में चल रहे 12 दिनी युद्ध को अलविदा किया जा सके। कहा गया तब तेहरान ने ईरान में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी सीमित प्रक्षेपास्त्र द्वारा प्रहार किया था।**




वास्तव में यह अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु स्थलों पर की गई बमबारी का बदला था। यह भी ध्यान रहे कि इजरायल ने भी अभी तक ट्रंप के युद्ध विराम की घोषणा को स्वीकार नहीं किया है। आखिरकार ट्रंप की इस प्रकार की खोखली घोषणाएं देश एवं दुनिया को क्या जाहिर कराना चाहती है। इस तरह ट्रंप अपने मुंह मियां मिट्ठू बनकर अमेरिका की प्रतिष्ठा को भी धूल धूसरित करने में लगे हैं।

दूसरी तरफ, इजरायल ने ईरान पर युद्धविराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए बलपूर्वक जवाब देने की कसम खाई है। ईरान तथा इजरायल के बीच युद्धविराम की बात जिसने 12 दिनों के संघर्ष को रोक कर राहत भले दे दी हो, किंतु अभी भी असमंजस की स्थिति स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। ट्रंप अमेरिका के ही नहीं बल्कि दुनिया के ऐसे पहले राष्ट्र प्रमुख होंगे जिन पर विश्वास करना खतरे से खाली नहीं है।

दुनिया के हर मामले में हस्तक्षेप करके अपनी साख खोते जा रहे हैं। स्मरण रहे कि ट्रंप ने स्पष्ट रूप से ईरान इजरायल युद्ध में शामिल होने के संदर्भ में कहा था 'अमेरिका दो हफ्तों के भीतर इस संघर्ष में शामिल होने का फैसला करेगा, किंतु दो दिन बाद ही अमेरिका के बी-2 बमवर्षकों द्वारा ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप भू राजनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तनाव बढ़ने की आशंकाएं बढ़ गई।

ट्रंप की घोषणा के बाद तेल अवीव और तेहरान संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। बड़ी असमंजस की स्थिति बन चुकी है। एक ओर अमेरिका कह रहा है कि उसने ईरान की परमाणु क्षमता को सीमित कर दिया है वहीं ईरान का कहना है कि वह दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के सामने खड़े होकर मुकाबला करने का जज्बा, जोश और जुनून रखता है और किसी भी हालत में पीछे ने हटने की बात भी करता है। इजरायल बहुत हद तक ईरान को कमजोर एवं खंड-विखंड की बात कहता है।

इस युद्ध में हर देश अपने को एक दूसरे से बड़ा विजेता बनने की बात करता है, किंतु इसकी सत्यता तो समय पर पता लगेगी कि वास्तविक जीत किसकी हुई है? ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर किए गए अपने आक्रमण को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इस हमले में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। ईरान किसी के द्वारा की गई ज्यादती को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगा। हम किसी के आगे नहीं झुकेंगे। यही ईरानी राष्ट्र की सोच है। स्पष्ट कर दूं कि एक दिन पूर्व अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्लांट्स पर हमला किया था, जिसमें फोर्डो परमाणु सुविधा संपन्न केंद्र भी शामिल था।

इसमें अमेरिका ने बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर्स के द्वारा 14 जीबीयू-57 में सिर्फ ऑर्डिनेंस पेनिट्रेटर गिराए थे। इससे ईरान के परमाणु सुविधा को बड़ी हानि उठानी पड़ी। ट्रंप अपने देश के ही नहीं बल्कि दुनिया के पहले राष्ट्राध्यक्ष होंगे जो अपनी अस्थिर सोच, विचार, क्रियाकलाप एवं व्यवहार के रूप में जाने जाएंगे।

नोबेल शांति पुरस्कार की लालसा रखने वाले अपने पद, प्रतिष्ठा एवं प्रतिबद्धता को भी दांव में लगाकर दोहरी, दोमुखी एवं दुधारू तलवार से दुनिया को चलाने का जो प्रयास कर रहे हैं, वह बेहद विरोधाभास से भरा हुआ है। जिस स्थिति एवं व्यवहार को अपनाकर वे 'ट्रंप चाल' चल रहे हैं, उससे उनकी जीत कभी भी बड़ी हार में बदल सकती है। बड़ा बनने के लिए एक बड़ी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और स्वयं की बजाय लोगों को साबित करना होता है।

एक ओर आतंकी पाकिस्तान के साथ दोस्ती का डिनर दूसरी ओर ईरान पर हमला तीसरी और जी-7 की बैठक को बीच में छोड़ना, 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय भारत-पाकिस्तान युद्ध में युद्ध विराम का श्रेय खुद लेना और स्वयं पीछे हट जाना कि इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी; आखिर कितना छिछलापन है? यह सर्वविदित सत्य है कि जहां अस्तित्व हेतु संघर्ष बेहद जरूरी है वहां शांति के बिना जीवन का आधार नहीं है। संघर्ष की अवधारणा अत्यंत व्यापक है, जो शांति की इच्छा को प्रोत्साहित करती है। वर्तमान दौर में संघर्ष एवं शांति बेहद महत्त्वपूर्ण समसामयिक चिंता एवं चिंतन का विषय है।

हम सभी शांति, सुरक्षा, सद्भाव, सदाचार, सहयोग, समर्थन, स्नेह, सहानुभूति एवं सार्थक शिक्षा की बात करते हैं, किंतु उन्हें जीवन व्यवहार में अपनाने की बात पर अमल नहीं करते। देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को अपना पिट्ठू बनाए रखने की ललक स्वयं एवं विश्व हित में नहीं होती है। अतः ट्रंप द्वारा स्वयं की शेखी बघारना या डींग हांकना बंद करके मानवीय मूल्यों की सुरक्षा के प्रति गंभीर रूप से चिंता व चिंतन करें तो इतिहास उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से बड़ा मानवीय हित संरक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेगा। जिस तरह की दोहरी सोच वह प्रकट करते हैं, इससे उनके व्यक्तित्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं अमेरिका की छवि भी धूल धूसरित होती है। उन्हें जो अभी अपने बेहद खास नजर आ रहे हैं, वो भी कुछ दिनों में पराए हो जाएंगे। काश! उन्हें सदबुद्धि आए और विश्व का कल्याण हो।

## विचार सरिता

# साप्ताहिक डायरी: मानसून की अनवरत वर्षा और दोनों पारियों के शतकवीर शुभमन गिल

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मानसून के बादल बरस रहे हैं और खूब बरस रहे हैं। धरती से अंबर तक जहाँ भी दृष्टि जाती है, मेघों का साम्राज्य है और उससे बरसने वाली पानी की बूँदें जीवनदायिनी हैं। भारत की मानसून आधारित अर्थव्यवस्था के लिए तो यह पानी वरदान है और छत्तीसगढ़ में अच्छी वर्षा के बाद धान की बुआई ने गति पकड़ी है। मौसम विभाग भी अच्छी बारिश के लिए पूर्वानुमान व्यक्त कर चुका है और मेघ देवता से यही उम्मीद है कि मेघ जहाँ कम बरसे हैं, वहाँ उनकी कृपा हो और पर्याप्त पानी बरसे। पानी का बरसना तो शुभ है लेकिन बिलासपुर जिले में 24 घंटो में 10 सेमी की बारिश ने चिंता भी बढ़ा दी है और वहाँ के सैकड़ों घरों में पानी भर जाने का समाचार मिला।अतिवृष्टि भी बुरी है, अनावृष्टि और सूखा तो बुरा है ही।

हे बादल! बरसो और खूब झमाझम बरसो।

बस! गरीब की झोपड़ी तरबतर मत कर दो।

अच्छी बारिश होने का एक लाभ यह है कि तापमान गिर गया है और उमस के वातावरण से निजात मिली है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान अच्छी बारिश के इलाकों में 30 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है।

अच्छी वर्षा के समाचार के बीच क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक और अच्छी खबर है। भारत ने इंग्लैंड से एजबेस्टन क्रिकेट टेस्ट 279 रनों से जीत लिया है। इस टेस्ट में आकाशदीप ने जहाँ दोनों पारियों में कुल 10 विकेट लिए, वहीं भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 रन और दूसरी पारी में 261 रन अर्थात एक टेस्ट मैच में कुल 430 रन बनाकर एक नया इतिहास रचा। वहीं जिम्बाब्वे के खिलाफ क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे ही दिन 367 रन बनाकर नाबाद दक्षिण अफ्रीकी कप्तान वियान मुल्डर ने वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा के 400 रन नाबाद के विश्व रिकार्ड को नहीं तोड़कर उन्हें अद्भुत सम्मान दिया। व्यक्तिगत उपलब्धि के बदले उन्होंने टीम हित में 626/5 पर पारी घोषित कर दी। सराहनीय!

## शब्द सामर्थ्य -103

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 102 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | त्रा | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू- दोकू क्र.103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.102 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## सामयिक चर्चा

### शिकायत से फैलती है बात

खबर पढ़कर बानी बोले – ''गजाधर!
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष
जेपी नड्डा की बातें हमें अच्छी लगी हैं,
जो उन्होंने, सरगुजा के मैनपाट की
प्रशिक्षण शिविर में, उद्घाटन सत्र में
सांसद, विधायकों और मंत्रियों को
नसीहत के रूप में दी है।
नड्डा ने कहा – ''व्यवहार ऐसा हो कि
जब जनता के बीच जाएँ
तो शर्मिन्दगी महसूस न हो!
जनता के बीच खुद को बड़ा न समझो!
मीडिया में बयान दें सोच समझकर।
ऐसा बयान न दे जिससे
पार्टी की छवि पर पड़े असर।''
फिर पार्टी अध्यक्ष ने जो
सांसद, विधायकों को सख्त निर्देश दिया
कि भ्रष्टाचार की 'शिकायत नहीं मिलनी चाहिए',
तो यह बात कि शिकायत नहीं मिलनी चाहिए,
हमारी समझ में नहीं आई।
इसे जरा स्पष्ट करें, गजाधर भाई!''
गजाधर मुस्कराए बोले– 'बानी!
हमें पुराने फिल्मी गाने याद आते हैं,
उसका मुखड़ा आपको सुनाते है –
'दिल जल रहा है जले, पर धुआँ न हो।'
देखो, धुआँ होने से
दिल जलने का पता लग जाता है।
इसी तरह शिकायत होने से
भ्रष्टाचार का पता चल जाता है।
तो बानी! मेरा कहने का मतलब यही
है धुआं और शिकायत,
दोनों ठीक नहीं है।''



**गिरीश बख्शी**

## कविता

### संसार

बन जाता है आदमी, सहज सरल से क्रूर।
नहीं इच्छा, हालात से, किया उसे मजबूर ।।
मानव बनने को पढ़े, पर पढ़ के इंसान ।
छल छद्मों में रंग के, बन जाता शैतान ।।
बनना अच्छा चाहोगे, पर निर्दयी संसार ।
तुमको बना देगा बुरा, लाख करो इंकार ।।
अवसरवादी लाख हैं, बस रहते तक काम ।
घी में तुझको खिलाएंगे, फिर न लेंगे नाम ।।
माया इस संसार में, द्वंद करती जाये ।
शांति इसको विश्व की, न थोड़ी भी भाय ।।
रहने दो निज ज्ञान को, फुले फले अज्ञान ।
डूबा जो अज्ञान में, बनता वो ही महान ।।
गुन गाते संसार की, बिसरा के करतार ।
इसलिए पीड़ा भोगने, आते बारम्बार ।।
जिसकी जैसी आस्था, उसके ही आधार ।
पाते जन्नत का मड़ा, या दोजख का द्वार।।



**प्रभात**
**ग्राम-कटंगी**
**(छत्तीसगढ़)**

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते है, आज का दिन आपके लिए शुभ है। दाम्पत्य रिश्तों में तालमेल बना रहेगा, जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। आज आप ऑफिस में किसी बड़े प्रोजेक्ट को लीड कर सकते है। नौकरी करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आज से आप अपनी हेल्थ को ठीक रखने के लिए रोज व्यायाम करने की आदत को सुधारेंगे। वैवाहिक जीवन में कुछ नई जिम्मेदारियों को निभाने का दायित्व प्राप्त होगा 7 व्यापारिक दृष्टि से आपके लाभ की स्थिति बढ़िया रहेगी, पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। आज का दिन थोड़ा व्यस्त रहेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक बिजनेस में आज आपको बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। नौकरी का इंतजार कर रहे व्यक्तियों को आज किसी बड़ी कंपनी से ऑफर मिल सकता है। आज आप परिवार के साथ पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते है। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आप अपने जीवन से जुड़े कुछ जरूरी निर्णय करेंगे, जो भविष्य में आपकी बड़ी मदद करेंगे। शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है, आप जीवनसाथी के साथ कुछ यादगार पल बिताएंगे। आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे, जिससे रोज की अपेक्षा आज आप ज्यादा काम कर पायेंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, अत्यधिक खर्च करने से बचें। परिवार में आपसी सहयोग बना रहेगा, सामाजिक तौर पर आपकी स्थिति ठीक रहेगी। आर्ट स्टूडेंट को आज कला प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर का प्राप्त होगा। हेल्थकेयर से जुड़े व्यक्तियों का दिन काफी व्यस्त रहने वाला है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों के साथ आज आप कही घूमने जा सकते है। जो लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे है, आज उनको बढ़िया डील मिलेगी। मीडिया जगत से जुड़े लोग, आज किसी बड़ी घटना पर चर्चा करेंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको सगेङ्कसम्बन्धियों से शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, चहल-पहल बनी रहेगी। विदेश में रह कर काम कर रहे व्यक्तियों को घर जाने का अवसर मिलेगा। आज आप पॉजिटिव एनर्जी का अहसास करेंगे।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज का दिन आप पढ़ने-लिखने में बिताएंगे और आपकी व्यापारिक दृष्टि से लाभ की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चे आज घर के काम में हाथ बटाएंगे। छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे, जिससे वो विदेश जाने का मन बना सकते है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद लेंगे। रिश्तों में ताल ङ्क मेल बना रहेगा, जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जायेंगे। रोजगार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपका सारा ध्यान आपके काम पर रहेगा , किसी जरूरी काम के सिलसिले में आपको बाहर जाना पड़ सकता है। ससुराल पक्ष से आज आपको विशेष सूचना प्राप्त होगी। आज आपको पैसों के मामलों में थोड़ा ध्यान रखने की आवश्यकता है, उधार के लेन देन से बचें।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्तियों को आज पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, जिससे समाज में आपकी जवाबदेही बढ़ेगी। तकनीकी क्षेत्र में काम कर रहे व्यक्तियों की कार्यकुशलता आज अधिक अच्छी होगी। आज आपको विभिन्न स्रोतों से आय प्राप्त होने वाली है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा लेकिन फिजूलखर्ची से बचकर रहें। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में तालमेल बना रहेगा। आज आप ऑफिस का माहौल अच्छा रखने की कोशिश करेंगे। छात्रों को आज शिक्षकों का सहयोग मिलेगा, जिससे वो अपनी पढ़ाई और बेतहर ढंग से कर पाएंगे।

# डोंगरगांव में असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, 4 बदमाश गिरफ्तार

डोंगरगांव (दावा)। शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से डोंगरगांव पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त चार आदतन बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। इन व्यक्तियों पर लड़ाई-झगड़े और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था।



पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास अपनी टीम के साथ सक्रिय रूप से गश्त और पेट्रोलिंग कर रहे हैं। इस अभियान के तहत अवैध गतिविधियों और संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शांति भंग करने और संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने की आशंका के चलते इन चार असामाजिक तत्वों के विरुद्ध धारा-170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### प्रतिबंधित किए गए आदतन बदमाश

जिन आदतन बदमाशों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है, उनमें शामिल हैं : राज तेलासी (पिता धमेन्द्र तेलासी, उम्र 22 साल, निवासी बोधीटोला वार्ड नं. 11, डोंगरगांव), सुरेन्द्र मरकाम (पिता सुरेश मरकाम, उम्र 23 साल, निवासी वार्ड नं. 15 इंदिरा आवास पानी टंकी के पास, डोंगरगांव), पुछाराम यादव (पिता बिसराम यादव, उम्र 55 साल, निवासी जामसरारकला, थाना डोंगरगांव), पावेल कुमार पटेल (पिता मोहन लाल पटेल, उम्र 24 साल, निवासी आरी वार्ड 13, थाना डोंगरगांव) आदि है।

### सड़क और कॉलोनी में पार्टी करने वालों से रहवासी परेशान

शहर और आसपास के क्षेत्र में एक नया चलन देखने को मिल रहा है, जहां नौसिखिए और असामाजिक लड़के सड़कों पर या कॉलोनियों के खुले क्षेत्रों में बर्थडे पार्टी करते नजर आते हैं। इससे राहगीरों और आसपास के रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यदि कोई उन्हें मना करने जाए तो उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज जैसी घटनाएं सामने आती हैं। हाल ही में शहर की एक कॉलोनी जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट से लेकर पुलिस के हवलदार और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी निवास करते हैं। जिसमें ऐसा ही एक मामला सामने आया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के कृष्ण कुंज कॉलोनी के आसपास कुछ लड़के रात में बर्थडे पार्टी कर रहे थे और केक को तलवार से काटने का मामला प्रकाश में आया। यह जानकारी भी सामने आ रही है कि वहां निवास कर रहे पुलिस के जवानों में से किसी ने उन्हें पकड़ा था और मौके पर पुलिस की टीम भी पहुँची थी। हालांकि कथित तौर पर शहर के एक नेता के दबाव में उन लड़कों को उठक-बैठक कराकर छोड़ दिया गया। अब इस मामले में कोई भी कुछ कहने से बच रहा है। सवाल यह उठता है कि आखिर इन लड़कों के पास धारदार हथियार कहां से और कैसे पहुंच रहे हैं, जो आगे चलकर किसी बड़े अपराध का रूप ले सकते हैं। शहर और आसपास के क्षेत्र में सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाने की आवश्यकता है, ताकि इन आपराधिक तत्वों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जा सके और ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

# वनांचल के गांवों में सड़क और पुल का अभाव: ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के वनांचल ग्राम कोहकट्टा टोला और बरनारा खुर्द में आजादी के 75 साल बाद भी सड़क और पुल की सुविधा नहीं है। ये गांव ग्राम पंचायत घोटिया से महज चार किलोमीटर दूर हैं। बावजूद इसके वनवासियों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीना पड़ रहा है।

### ग्रामीणों की रोजमर्रा की मुश्किलें

डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रभावित ग्रामीण और उनके बच्चों को घोटिया स्कूल तक हर दिन पैदल जाना पड़ता है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जब कीचड़ के कारण साइकिल और मोटरसाइकिल चलाना असंभव हो जाता है। आपात स्थिति में, मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए बैलगाड़ी या उन्हें उठाकर ले जाने को मजबूर होना पड़ता है। यह दर्शाता है कि कैसे सड़क के अभाव में जीवनदायिनी स्वास्थ्य सेवाएं भी दुर्गम बन जाती हैं।

### प्रशासन से गुहार और आश्वासनों का दौर

इस समस्या के समाधान के लिए सुशासन त्योहार, पीडब्ल्यूडी विभाग डोंगरगढ़, और पीडब्ल्यूडी विभाग राजनांदगांव को कई बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल को भी इस बारे में बताया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि वह मानसून सत्र में पीडब्ल्यूडी मंत्री से मिलकर इस मार्ग को बजट में शामिल कराने का प्रयास करेंगी।

### मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

सुरेश सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि इस बार भी बजट में मार्ग को शामिल नहीं किया गया, तो ग्रामीणों के साथ-साथ ग्राम पंचायत घोटिया के पदाधिकारी और ब्लॉक कांग्रेस डोंगरगढ़ ग्रामीण के पदाधिकारी मिलकर धरना प्रदर्शन और चक्काजाम करने को मजबूर हो जाएंगे। यह चेतावनी स्थानीय प्रशासन पर इस गंभीर मुद्दे को प्राथमिकता देने का दबाव बढ़ाती है। यह खबर दर्शाती है कि कैसे विकास के दावे अभी भी देश के कई दूरदराज के इलाकों तक नहीं पहुंच पाए हैं। ग्रामीणों की यह समस्या एक बड़े जन आंदोलन का रूप ले सकती है यदि प्रशासन जल्द ही कोई प्रभावी कदम नहीं उठाता है।

## पहला कॉलम...

# टटेंगा स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय जूनोसिस दिवस : बीमारियों से बचाव पर जागरूकता



हरदी (दावा)। जेवरतला रोड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आर.के. देवांगन की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय जूनोसिस दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जानवरों से इंसानों में फैलने वाली बीमारियों (जूनोटिक बीमारियों) के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता रेशमी साहू ने बताया कि जूनोटिक बीमारियां वे होती हैं जो जानवरों से मनुष्यों में फैलती हैं। उन्होंने जानकारी दी कि रेबीज, प्लेग, स्वाइन फ्लू, बर्ड फ्लू और कोरोना जैसी बीमारियों से बचाव के लिए हर साल 6 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय जूनोसिस दिवस मनाया जाता है।

प्राचार्य आर.के. देवांगन ने बताया कि ये सभी संक्रामक बीमारियां बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी और कवक से फैलती हैं। उन्होंने जोर दिया कि इन बीमारियों से बचाव के लिए बार-बार हाथ धोना, जानवरों की सुरक्षित देखभाल करना और उचित टीकाकरण आवश्यक है। इस अवसर पर पवन सिन्हा और वेद प्रकाश साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन अजय पाठक ने किया। उन्होंने विशेष रूप से शौच के बाद और भोजन से पहले साबुन से हाथ धोने के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम में हैपशीबा एंथोनी, रीना बोरकर, बड़ी संख्या में विद्यार्थी और समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# खैरागढ़ के कोहकाबोड़ में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से संपन्न, शिक्षा और स्वास्थ्य बनी प्राथमिकता



खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक के ग्राम कोहकाबोड में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नए प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत किया गया और मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य शैलेंद्र मिश्रा रहे, जबकि पांडादाह मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, संकुल प्राचार्य पिपरिया थनवार दास बंजारे, संकुल समन्वयक रामेश्वर वर्मा, तोपचंद वर्मा, सरपंच गोपाल नेताम और प्रभु राम साहू शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।

### नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत और मेधावियों का सम्मान

इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत पुस्तक, गणवेश और मिठाई खिलाकर किया गया। यह देखकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके साथ ही, ग्राम कोहकाबोड के उन 14 बच्चों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षा (कक्षा 10वीं और 12वीं) में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे। शाला परिवार कोहकाबोड ने अतिथियों के कर कमलों से इन मेधावी छात्रों को सम्मानित करवाया।

### शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर, गांव के लिए विकास की घोषणाएं

अपने संबोधन में जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा ने शिक्षा और स्वास्थ्य को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों पर भी जोर दिया। मिश्रा ने उपस्थित ग्रामीणों से आह्वान किया कि शिक्षा से ही समाज का निर्माण होता है, इसलिए वे अपने बच्चों की शिक्षा में रुचि लें और उन्हें प्रोत्साहित करें। ग्रामीणों की मांग पर, शैलेंद्र मिश्रा ने डीएमएफ मद से 5 लाख रुपये प्रार्थना सभाकक्ष के लिए सांसद से मांग करने और 2 लाख रुपये रंगमंच के लिए अपनी ओर से घोषणा की। यह सुनकर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे और शाला परिवार ने मुख्य अतिथि शैलेंद्र मिश्रा का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षिका अनुराधा सिंह को शाला परिवार और ग्रामवासियों द्वारा भावभीनी विदाई भी दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका रेखा वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठिका माध्यमिक गीता गहरवार, शिक्षिका हारमनी साहू, ज्योति केहरि, प्राथमिक प्रधान पाठक चंद्रकिरण ठाकुर, कोमल चंद कोठारी, उपसरपंच प्रतिनिधि मनोज साहू, दोनों शालाओं के एसएमसी अध्यक्ष माधव लाल साहू, माधो वर्मा, नारायण वर्मा, बल्ला वर्मा, राधेलाल वर्मा, शिवलाल वर्मा, लोकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और बच्चे उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। लगाओ एक पेड़ धरती मां के नाम, मां का क्रोध झेलना नहीं है आसान, वर्तमान से भयंकर होगा वरना भविष्य का परिणाम, लगाओं एक पेड़ धरती मां के नाम कविता को आत्मसात करते हुए भाजपा संगठन द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के सहयोग से शहर के विभिन्न वार्डो में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। अभियान के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम दिनांक 4 जुलाई दिन शुक्रवार को इंदिरा नगर, बुधवारी पारा, भगत सिंह चौक, आदर्श नगर, रण चंडी मंदिर, वार्ड नंबर 14, वार्ड नंबर 4 एवं वार्ड नंबर 2 देव नगर में मनाया गया। जिसका शुभारंभ वार्ड नंबर 2 अंबेडकर भवन के पास किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ सहसंयोजक शशिकांत द्विवेदी, भाजपा वरिष्ठ नेता सुनील जैन चीकू, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित जैन, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, महामंत्री विनय बंसल एवं विनीत यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता तुलसी मिश्रा, अनिल पांडेय, विजेंद्र सिंह ठाकुर, संतु राव, श्रीमती सुषमा कोठारी, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति बढवाइक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि परमिंदर सिंह मोंटी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, कार्यक्रम के संयोजक हरीश मोटघरे, सहसंयोजक श्रीमती लक्ष्मी यादव उपस्थित हुए।

इस कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा वार्ड पार्षद प्रीति चमन समुद्रे, देवेंद्र साखरे, अमित जैन, डी.ए.केश राव, सुमित ताम्रकर, शिवांगी साखरे, रेखा रागोत्र, बबीता मालगार, हरीश मोटघरे, भाजपा शहर मंडल के पदाधिकारीगण अंचला ठाकुर, अलका जैश सहारे, अनीता इन्दुलकर, मीना यादव, गीता मानिकपुरी, पूजा उजवने, मुकुंद कंडरा, भागवत नामदेव, डिम्पी महापात्र, शुभम परिहार, गिरीश साहू, आकाश राजपूत, आवेश निगम, अजय शर्मा, लोकेश इन्दुलकर, जयेश सहारे, बुथ अध्यक्षगण, भाजपा के कार्यकर्तागण एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया साथ ही ट्री गार्ड भी लगाया गया। उक्त जानकारी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में सोशल मीडिया प्रभारी शुभम परिहार द्वारा दी गई।

## पेंशनर एसो. की मासिक बैठक 15 जुलाई को

डोंगरगढ़ (दावा)। एसोसिएशन के पदाधिकारीगण एवं समस्त पेंशनर बंधुओं को सूचित कर बताया गया कि, डोगरगढ़ पेशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक माह जुलाई में मां बम्लेश्वरी प्रांगण स्थित कार्यालय पेंशनर एसोसिएशन में दिनांक 15 जुलाई दिन मंगलवार को समय 11बजे आहूत की गई है। संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू ने बताया कि बैठक में नवप्रवेशी पेशनरों का सम्मान किया जावेगा। एसोसियेशन में चल रही पेंशनरो के पेंशन संबंधी गतिविधियों पर गहन चर्चा की जावेगी। एसोसिएशन द्वारा नवपहल के अन्तर्गत जुलाई में जिनका जन्मदिन है, का जन्मदिन मनाया जावेगा।

# बाल कैबिनेट का किया गठन नीलम ओझा चुने गए प्रधानमंत्री



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला सेनडोंगर संकुल मुंगलानी में शालेय बाल कैबिनेट का गठन किया गया है। प्रधानपाठक सुधाकर धरमगुढ़े एवं शिक्षक देवेन्द्र खोब्रागढ़े के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नीलम ओझा, उपप्रधानमंत्री खुशाल कोसरिया, कृषि एवं बागवानी मंत्री लावेश ओझा, खेलमंत्री उमेन्द्र ओझा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री खोमिन, मध्यान्ह भोजन मंत्री छविता साहू, अनुशासन मंत्री वेदिका, गृहमंत्री लोकेश्वरी नियुक्त किये गए। इसी प्रकार कक्षा नायक पाँचवी नीलेश कुमार, चौथी युवराज, तीसरी नेत्राक्ष, दूसरी ललित कुमार और पहली की कक्षा नायक खुशिका ओझा को बनाया गया। इस दौरान सभी नवनियुक्त बाल कैबिनेट का तिलक एवं नेमप्लेट लगाकर स्वागत कर उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में बताया गया।

# घुमका थाना क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार बेलगाम, पुलिस और आबकारी विभाग पर सवाल

ठेलकाडीह (दावा)। राजनांदगांव जिला मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले घुमका थाना क्षेत्र के ग्राम भटगांव, कलेवा और अन्य गांवों में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस धंधे से जुड़े लोगों को पुलिस या आबकारी विभाग का कोई डर नहीं है, जिससे युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में फंसती जा रही है।

**घुमका थाना क्षेत्र के ग्राम भटगांव, कलेवा सहित अन्य गांवो में धड़ल्ले से बेची जा रही अवैध शराब**

जिस तरह से भटगांव में यह अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, उससे न केवल गांव के युवा, बल्कि आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांव प्रभावित हो रहे हैं। यहां सुबह से लेकर देर रात तक अवैध शराब बेची जा रही है, फिर भी आबकारी और पुलिस विभाग द्वारा इस पर अंकुश न लगा पाना समझ से परे है। यह भी बताया जा रहा है कि अवैध शराब की बिक्री से क्षेत्र की शांति व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लग गया है।

### बेरोकटोक फल-फूल रहा कारोबार

अवैध शराब की बिक्री पर आबकारी विभाग का नियंत्रण न होने के कारण गांव-गांव में कोचियों की संख्या कुकुरमुत्ते की तरह बढ़ती जा रही है। मंगलवार दोपहर गठुला के पास एक गाड़ी में दो शराब तस्कर अचानक फिसलकर गिर गए। इसके बाद आनन-फानन में तस्कर अपनी शराब की पेटियों को उठाने लगे और वहां मौजूद राहगीर भी शराब की पौवा उठाने में जुट गए। हालांकि तस्कर अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि उनके पास करीब दो पेटी से अधिक अवैध शराब थी। इस घटना से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब को घुमका या ठेलकाडीह क्षेत्र में किसी कोचिये के पास ले जाया जा रहा होगा। ये तस्कर दिनभर में कई बार इसी तरह गाड़ियों में भरकर अवैध शराब खपा रहे हैं। ऐसे में, विभागीय कार्रवाई का न होना एक बड़ा सवाल खड़ा करता है और स्थानीय प्रशासन पर इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का दबाव बढ़ रहा है।

# स्व. श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में 'सृजन पत्रिका' का विमोचन और पौधारोपण



गंडई पंडरिया (दावा)। स्व. श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में 7 जुलाई, सोमवार को महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'सृजन' के पहले अंक का विमोचन किया गया. यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे, जनभागीदारी अध्यक्ष यतीश कुंजाम, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों, प्राध्यापकों और छात्रों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### 'सृजन' पत्रिका रचनात्मकता का मंच

पत्रिका विमोचन के अवसर पर, जनभागीदारी सदस्य राकेश ठाकुर ने छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की और महाविद्यालय परिवार को पत्रिका के पहले अंक के सफल प्रकाशन पर बधाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने बताया कि 'सृजन' का प्रकाशन महाविद्यालय के अध्यापकों और छात्र-छात्राओं में छिपी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने और महाविद्यालय की गतिविधियों को दर्शाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने सभी रचनाधर्मी छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और संपादक मंडल को बधाई देते हुए आगामी अंकों के लिए शुभकामनाएं दी। विमोचन समारोह में जनभागीदारी समिति के सदस्य राकेश ठाकुर, जीवनदास रात्रे, राकेश ताम्रकार, श्रीमती आशा कुर्रे, सूरज पांडे, जनप्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, दूजेराम वर्मा और अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प : पौधारोपण कार्यक्रम

पत्रिका विमोचन के बाद महाविद्यालय के लघु उद्यान में एक पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं और जनभागीदारी सदस्यों ने मिलकर पौधे लगाए और महाविद्यालय को सुंदर व स्वच्छ बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एन.एस. वर्मा, क्रीड़ाधिकारी श्रीमती अनीता पौषार्य, टी.एल. वर्मा, जी. कौशिक, बी.आर. वर्मा, पी.के. अमिला, महाविद्यालय के कर्मचारीगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। यह पहल महाविद्यालय में रचनात्मकता और पर्यावरणीय चेतना दोनों को बढ़ावा देती है।

# कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा के संरक्षण में एक ही दिन में पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित

**0 नवाचार के तहत शिक्षण व्यवस्था में हो रहा बदलाव,**
**0 विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा का रिकार्ड टूटा**



**0 शीघ्र परीक्षा परिणाम जारी होने पर अभ्यर्थियों में खुशी की लहर,**
**0 अभ्यर्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया निर्णय**

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में शोध करने हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षा सोमवार 7 जुलाई को कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के संरक्षण में आयोजित किया गया और उसी दिन परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दी गई। नवाचार के तहत शिक्षण व्यवस्था में बदलाव लाते हुए कुलपति के निर्देशन में पीएचडी प्रवेश परीक्षा का रिकार्ड तोड़ते हुए इस वर्ष प्रवेश परीक्षा के दिन ही परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। जिससे अभ्यर्थियों में भी खुशी व्याप्त है।

विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पीएचडी. करने हेतु 76 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिनकी प्रवेश परीक्षा 7 जुलाई को दो पलियों में आयोजित की गई। प्रथम प्रशन पत्र 11 से 1 बजे तक तथा द्वितीय प्रशन पत्र 2 से 4 बजे तक आयोजित की गई। पारदर्शी तरीके से परीक्षा संपन्न कराने कुलपति ने स्वयं परीक्षा केन्द्र पहुंचकर निरीक्षण किया और परीक्षार्थियों की सुविधाओं की जानकारी ली। परीक्षा संपन्न होने के कुछ घंटे बाद ही अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लगभग 7 बजे तक परिणाम की घोषणा कर सभी अभ्यर्थियों को इसकी सूचना दे दी गई। पीएचडी प्रवेश परीक्षा दिलाने दूर-दराज से अभ्यर्थीगण विश्वविद्यालय पहुंचे थे। जिनके ठहरने की भी व्यवस्था कुलपति के द्वारा कराई गई थी। इसके साथ ही उन्हें बार-बार आने-जाने में असुविधा न हो इसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा के दिन ही परिणाम की घोषणा की गई। परीक्षा परिणाम जारी होने के दूसरे दिन सामान्य साक्षात्कार का भी आयोजन संपन्न किया गया।

# किसान-जवान-संविधान सभा में शामिल हुए स्थानीय कांग्रेसजन



**क्षेत्र से 500 से अधिक कांग्रेसजन, विधायक श्रीमती बघेल के नेतृत्व में सभा में शामिल हुए**

डोंगरगढ़ (दावा)। रायपुर में आयोजित 'किसान-जवान-संविधान सभा' में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का गरिमामय आगमन हुआ। भीषण बारिश के बावजूद सभा स्थल पर भारी संख्या में कांग्रेसजनों की उपस्थिति ने यह सिद्ध कर दिया कि संविधान, किसान और जवान के सम्मान के लिए जनमानस एकजुट है।

उक्तशय की जानकारी प्रेस को विज्ञप्ति जारी कर ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष विजय राज चौहान ने बताया कि सभा के सभी डोम खचाखच भरे हुए थे, और इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर भी जुटे रहे। जनसैलाब इतना व्यापक था कि सभा स्थल के बाहर चक्काजाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। भारी बारिश में भी लोग भीगते हुए मैदान में डटे रहे और मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी के उच्च पदाधिकारियों के संबोधन को पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ सुनते रहे। इस ऐतिहासिक अवसर पर डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 500 से अधिक कांग्रेसजन, विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में रायपुर पहुंचकर सभा में शामिल हुए और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा व नेतृत्व में अपनी अटूट आस्था और प्रतिबद्धता दिखाई। यह सभा जनभावनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों का सशक्त प्रतीक बनी।

# पहला कॉलम...

## यश दयाल पर युवती ने लगाया गंभीर आरोप

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू (आरसीबी) के खिलाड़ी यश दयाल के खिलाफ सोमवार देर रात पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्रिकेटर पर इंदिरापुरम क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पांच वर्ष तक संबंध में रहकर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। मुकदमा दर्ज होने पर गुरुग्राम के क्रिकेटर अवाक हैं। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि ऐसा भी यश कर सकते हैं। मामला 21 जून को तब सामने आया जब युवती ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर मामले की शिकायत की थी। डीसीपी निमिष पाटील ने बताया कि मामले में पुलिस अब कानूनी तरीके से आगे की कार्रवाई करेगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने वाले क्रिकेटर यश दयाल पर लगे यौन उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 69 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। 21 जून को इंदिरापुरम क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए क्रिकेटर पर आरोप लगाए थे कि पांच वर्ष तक शादी का झांसा देकर उनका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया गया। इसके अलावा यह भी आरोप था कि क्रिकेटर के दो-तीन अन्य युवतियों से भी संबंध थे। मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तब पीड़िता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का सहारा लिया। इसके बाद 24 जून को इंदिरापुरम पुलिस ने शिकायत का संज्ञान लिया। 27 जून को पीड़िता ने पुलिस के पास पहुंचकर अपने बयान दर्ज करवाए और अपने पक्ष को साबित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य (मोबाइल कॉल, सोशल मीडिया चैट्स के स्क्रीन शॉट, वीडियो कॉल के स्क्रीनशॉट्स, रिकॉर्डिंग व अन्य) भी पुलिस को सौंपे।

## टेक्सास में बाढ़ ने मचाई भारी तबाही, 100 से ज्यादा लोगों की मौत


वॉशिंगटन। अमेरिका के टेक्सास में ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ के चलते 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 30 से अधिक लोग लापता हैं। खोज और बचाव दल लोगों की तलाश में जुटे हैं। टीमें उफनाती नदी में उतरने और किनारों पर जमा हुए पेड़ों को हटाने का काम कर रहे हैं। टेक्सास हिल कंट्री में स्थित सौ साल पुराने लड़कियों के ईसाई समर कैंप मिस्टिक के संचालकों ने कहा कि बाढ़ के चलते उनके 27 कैंपर और काउंसलर मारे गए हैं। वहीं केर काउंटी के अधिकारियों ने बताया कि 10 कैंपर और एक काउंसलर अभी भी नहीं मिले हैं। जबकि बचाव टीमों ने कैंप मिस्टिक तथा कई अन्य ग्रीष्मकालीन शिविरों से 28 बच्चों सहित 84 लोगों के शव बरामद किए हैं। अफसरों का कहना है कि बारिश के चलते मध्य टेक्सास के कुछ हिस्सों में बाढ़ का खतरा है। अफसरों का कहना है कि मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

## ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का शिव तांडव के साथ हुआ स्वागत

ब्रासीलिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के 8 दिवसीय विदेश यात्रा पर हैं। पीएम मोदी मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे ÷यादगार स्वागत÷ बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी आज ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने स्वागत किया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत %भारत माता की जय% के नारों के साथ किया। इसी दौरान पीएम के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कुछ विदेशियों ने पीएम मोदी के सामने शिव तांडव स्तोत्र भी प्रस्तुत किया। पीएम मोदी ने इन कलाकारों की सराहना की। पीएम मोदी ने उनका स्वागत करने आए बच्चों से भी बातचीत की और उनके साथ दुलार करते नजर आए।

## केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता का निधन

नई दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता, दाउ लाल वैष्णव का आज मंगलवार को जोधपुर AIIMS में इलाज के दौरान निधन हो गया। यह दुखद खबर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उनके परिवार के लिए एक बड़ा आघात है। पूरे प्रशासन और समाज ने इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। इस घटना की आधिकारिक पुष्टि अस्पताल की ओर से की गई है। AIIMS जोधपुर ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि दाउ लाल वैष्णव पिछले कुछ दिनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और अस्पताल में उपचाराधीन थे। चिकित्सा टीम के प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। अस्पताल परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। दाउ लाल वैष्णव राजस्थान के पाली जिले के जीवंद कला गांव के निवासी थे। बाद में वह अपने परिवार के साथ जोधपुर में आकर बसे। पेशे से वे एक अनुभवी वकील और आयकर सलाहकार थे।



# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम का हुआ ऐलान, स्टार गेंदबाज की हुई वापसी

नई दिल्ली। इंग्लैंड और भारत के बीच अभी टेस्ट सीरीज चल रही है। इसी बीच इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ होने वाली 3 एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी विमेंस टीम का आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया है। नैट स्कीवर-ब्रंट की अगुवाई में यह टीम अपने घर में भारत को पटखनी देने की कोशिश कर सकती है। बता दें कि इंग्लिश टीम में स्टार स्पिनर सोफी इकलेस्टन की वापसी हो गई है। वो वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में नजर नहीं आई थीं।




नैट स्कीवर-ब्रंट (ष), एम आर्लोट, टैमी बाउमेंट, लॉरेन बेल, माइआ बाउचियर, ऐलिस कैप्सी, केट क्रॉस, सोफिया डंकली, सोफी इकलेस्टन, चार्ली डीन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, एमा लैम्ब और लिंसी स्मिथ इंग्लैंड और भारत की विमेंस टीमों के बीच 16 जुलाई 2025 से तीन मैच की श्रृंखला शुरू होगी। यह मुकाबला द रोज बाउल, सॉउथम्पटन में होगा। उनके बीच दूसरा मैच लॉर्ड्स में 19 जुलाई को देखने को मिलेगा, वहीं तीसरा चेस्टर-ले-स्ट्रीट में 22 जुलाई को होगा। भारत, इंग्लैंड को उनके घर पर हराकर अपना वर्चस्व कायम करने की कोशिश करेगी।

भारत और इंग्लैंड की विमेंस टीम के बीच इस समय 5 मैचों को टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज चल रही है। नॉटिंघम में हुए पहले मुकाबले में भारतीय विमेंस टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 210 बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड 14.5 गेंदों में 113 रन बनाकर 10 विकेट खो बैठा। भारत ने पहले मैच में जीत प्राप्त करके बढ़त बना ली।श्रृंखला का दूसरा मैच ब्रिस्टल में हुआ, जिसमें भारत ने दोबारा पहले बल्लेबाजी की और 4 विकेट खोते हुए 181 रन बनाए। इंग्लैंड की विमेंस टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी लेकिन 7 विकेट खोकर 157 रन ही बना पाई। भारत ने 24 रनों ने यह मैच भी जीत लिया। इंग्लैंड और इंडिया की विमेंस टीम का तीसरा मैच ओवल में हुआ। इंग्लिश टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 171 रन बना दिए। भारतीय टीम जीत के करीब गई लेकिन 5 विकेट खोकर सिर्फ 166 रन ही बना पाई। इंग्लैंड ने 5 रन से यह मैच जीता। इसी के साथ श्रृंखला अभी 2-1 से भारत के पक्ष में है। दोनों टीमों के बीच 9 जुलाई को चौथा और 12 जुलाई को पांचवां टी20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला होगा। देखना होगा कि सीरीज कौन जीतता है।

## हिमाचल के अविनाश जम्वाल ने विश्व मुक्केबाजी कप में देश को दिलाया रजत

शिमला । हिमाचल प्रदेश के अविनाश जम्वाल ने विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता है। इससे पहले उन्होंने ब्राजील में भी इसी प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था। अब कजाकिस्तान के अस्ताना में भी ताकत का लोहा मनवाया।



कजाकिस्तान के अस्ताना में 30 जून से 7 जुलाई तक विश्व मुक्केबाजी कप हुआ। विभिन्न मुकाबलों में अविनाश ने पूर्व ओलंपियन और मेजबान खिलाड़ियों को मात दी। फाइनल मुकाबले में अविनाश का सामना ब्राजील के यूरी फाल्काओ से हुआ। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल और ताकत का प्रदर्शन किया। मुकाबला रोमांचक मोड़ तक पहुंचा। आखिरकार 2-3 के करीबी बाउट में अविनाश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हालांकि इससे पहले अविनाश ने प्री-क्वार्टर फाइनल में अजरबैजान के पूर्व ओलंपियन मलिक हसनओव को हराया। हिमाचल प्रदेश बॉक्सिंग संघ के महासचिव एसके शांडिल ने कहा कि लगातार दूसरी बार विश्व स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर यह साबित कर दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी में भारत की मजबूत उम्मीद बन चुके हैं। अमेरिका में हुई वर्ल्ड पुलिस बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिमाचल की बेटियों ने भी देश के लिए सम्मान हासिल किया।

## एलेक्सा पर 'जासूसी' का आरोप, अमेजन पर चलेगा मुकदमा, करोड़ों यूजर्स की निजी बातें सुनने का है मामला

नई दिल्ली । गूगल और फेसबुक के बाद अब दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन भी यूजर्स की प्राइवेसी से खिलवाड़ के मामले में कानूनी मुश्किलों में घिर गई है। कंपनी के लोकप्रिय वॉइस असिस्टेंट 'अलेक्सा' (ृद्यद्गर्×ड्ड) पर करोड़ों यूजर्स की निजी बातें और बातचीत रिकॉर्ड करने का आरोप लगा है। इस मामले में एक अमेरिकी फेडरल जज ने अमेजन के खिलाफ क्लास-एक्शन मुकदमे को हरी झंडी दे दी है।




यह फैसला सोमवार, 7 जुलाई को अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज रॉबर्ट लैसनिक ने सुनाया। उन्होंने कहा कि अमेजन के खिलाफ देशव्यापी मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त कानूनी आधार मौजूद हैं ताकि यूजर्स को हुए वित्तीय नुकसान की भरपाई और प्राइवेसी के कथित उल्लंघन को रोका जा सके। यह मुकदमा उन लाखों यूजर्स के हितों का प्रतिनिधित्व करता है, जो एक या एक से अधिक अलेक्सा डिवाइस का इस्तेमाल करते हैं।2021 में दायर इस मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि अमेजन ने जानबूझकर अलेक्सा को इस तरह डिजाइन किया है कि वह करोड़ों-अरबों निजी बातों को इंटरसेप्ट कर सके और इन वॉइस रिकॉर्डिंग्स का इस्तेमाल अपने व्यावसायिक लाभ के लिए कर सके।

## पाकिस्तान की टी20 टीम का हुआ ऐलान, बाबर आजम सहित 6 बड़े खिलाड़ियों को नहीं मिली जगह

नई दिल्ली। पाकिस्तान की टीम 20 जुलाई से बांग्लादेश के दौरे पर जाने वाली है। इस सीरीज में कुल 3 बड़े मुकाबले खेले जाएंगे। बांग्लादेश दौरे के लिए अब पाकिस्तान की टी20 टीम का ऐलान हो गया है। इस सीरीज के लिए भी पूर्व कप्तान बाबर आजम सहित कई स्टार खिलाड़ियों का कमबैक नहीं हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करके पाकिस्तान की युवा टीम अपना आत्मविश्वास बढ़ाना चाहेगी। सलमान अली आगा की कप्तानी में टीम बड़े बदलाव करती हुई नजर आ रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के लिए स्टार खिलाड़ियों की वापसी होनी थी। हालांकि टीम के ऐलान होने के बाद सभी रिपोर्ट्स गलत साबित हुईं। बाबर आजम के अलावा पूर्व कप्तान मोहम्मद रिजवान और




शाहीन शाह अफरीदी की भी वापसी नहीं हुई है। वहीं इंजरी के कारण शादाब खान, नसीम शाह और हारिस रऊफ भी टीम में नहीं नजर आ रहे हैं। कप्तान सलमान अली आगा से उम्मीदें बढ़ी हुई हैं। युवा खिलाड़ी हसन नवाज और सुफियान मुकीम पर इस सीरीज में बड़ी जिम्मेदारी रहने वाली है। अहमद दानियाल को इस सीरीज में मौका मिला है। पाकिस्तान की टीम इस बदलाव के दौर में हर सीरीज में नए खिलाड़ियों को आजमा रही है। सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, फखर जमान, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, सलमान मिर्जा, सुफियान मुकिम.

## WWE के रोमन रेंस अनिश्चितकाल के लिए बाहर

नई दिल्ली। WWE: रोमन रेंस के एपिसोड में फैंस को कई मजेदार चीजें देखने को मिलीं. हालांकि, सैमी ज़ेन के लिए शो अच्छा नहीं रहा. वह अनिश्चितकाल के लिए बाहर हो गए हैं. हॉल ऑफ फेमर पॉल हेमन ने इस बात की जानकारी दी. सैमी का बुरा हाल करने वाले और कोई नहीं बल्कि हेमन गाय ब्रॉन ब्रेकर हैं.रोमन रेंस के साथी सैमी ज़ेन पिछले कुछ समय से सैथ रॉलिंस और उनके साथियों के साथ राइवलरी में हैं. रॉलिंस ने उन्हें अपनी टीम में शामिल होने के लिए कहा लेकिन वह नहीं माने. सैथ भी सैमी की कई बार हालत खराब कर चुके हैं. आप सभी जानते हैं कि सैमी अच्छे परफॉर्मर हैं. उनका एक्शन से बाहर होना कहीं ना कहीं बहुत ही बुरी खबर है.

## बैट नहीं अब हाथ से कमाल दिखाएंगे पवन हलवाने, बीसीसीआई की अंपायर परीक्षा को किया टॉप

नईदिल्ली। महाराष्ट्र के जिला अकोला के एक किसान के बेटे पवन हलवाने ने क्रिकेट में लेवल 2 की अंपायरिंग परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करके अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है. ये परीक्षा जून में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अंतर्गत आयोजित की गई थी.

पवन ने इस परीक्षा में 150 में से सर्वाधिक 147.5 अंक हासिल किए. पवन अकोला क्रिकेट क्लब के लिए क्रिकेट भी खेलते हैं. वो अकोला के छोटे से गांव सांगवी खुर्द से आते हैं. जो जिला किसानों की लगातार आत्महत्याओं के लिए जाना जाता है, और प्रकृति की मार के कारण अक्सर किसानों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है. वहीं से अकोला के खिलाड़ी ने बेहद कठिन परिस्थितियों में अंपायर परीक्षा को टॉप करके अपने परिवार को खुशी का मौका दिया है.



विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के पवन हलवाने ने उन 26 उम्मीदवारों की सूची में सबसे आगे हैं. बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि परीक्षा पास करने वाले सभी लोगों को बीसीसीआई अंपायर पैनल में शामिल किया जाएगा. यह दूसरा मौका है जब विदर्भ के किसी व्यक्ति ने अंपायर की परीक्षा में टॉप किया है. इससे पहले नितिन पंडित 2008 की परीक्षा में ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति बने थे.

पवन की इस कामयाबी की हर जगह तारीफ हो रही है. यह अकोला जिले के लिए बड़े गर्व की बात है. उन्होंने लगातार बीस साल तक कड़ी मेहनत की और अब जाकर सफलता के शिखर पर पहुंचे. विदर्भ के अकोला जिले के लिए बहुत बड़ी बात है. इसके बाद पवन घरेलू क्रिकेट में अंपायरिंग के लिए क्वालीफाई कर जाएंगे, जिससे वो अपने परिवार के लिए आर्थिक सहारा बन जाएंगे.

बता दें कि बीसीसीआई में अंपायरों के लिए कोई निश्चित वेतन नहीं है. हालांकि, बीसीसीआई उम्र, प्रमाणन और अनुभव आदि के आधार पर अंपायरों को अलग-अलग श्रेणियों में बांटता है. रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू मैचों के लिए श्रेणी ए+ और ए के अंपायरों को प्रतिदिन 40,000 रुपये और श्रेणी बी और सी के अंपायरों को प्रतिदिन 30,000 रुपये का भुगतान किया जाता है.

## वियान मुल्डर ने तोड़ा 67 साल पुराना रिकॉर्ड

नईदिल्ली। दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच क्वींस स्पोर्ट्स क्लब, बुलावायो में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है. केशव महाराज के चोटिल होने के बाद टेस्ट टीम की कमान संभाल रहे 27 वर्षीय वियान मुल्डर ने मैच में नाबाद 367 रनों की पारी खेलकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया.



**डॉन ब्रैडमैन समेत इन दिग्गज क्रिकेटरों को छोड़ा पीछे**

मुल्डर अब टेस्ट में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले ये रिकॉर्ड हाशिम आमला के नाम था, जिन्होंने 2012 में 311 बनाए थे. इसके अलावा वो एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज भी बन गए हैं. इससे पहले ये कारनामा 2003 में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ ग्रीम स्मिथ ने अंजाम दिया था. उन्होंने एक मैच में कुल 362 (277 और 85) रन बनाए थे.

इस बीच वियान मुल्डर ने टेस्ट क्रिकेट में विदेशी धरती पर सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने इस मामले में पाकिस्तान के हनीफ मोहम्मद को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1958 में बारबाडोस में वेस्टइंडीज के खिलाफ 337 रनों की पारी खेली थी. विदेश धरती पर सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर करने के मामले में सर डॉन ब्रैडमैन अब पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं. उन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में 334 रनों की पारी खेली थी.

मैच की बात करें तो टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में वियान मुल्डर नाबाद 367, बेडिंघम 82 और लुहान ड्रे प्रेटोरियस 78 की बदौलत 5 विकेट पर 626 रन बनाकर दूसरे दिन लंच के बाद घोषित कर दी. बता दें कि ये सीरीज नए डब्ल्यूटीसी 2027 चक्र का हिस्सा नहीं है. सीरीज के पहले मैच में जिम्बाब्वे को 328 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था. मुल्डर के और रिकॉर्ड के बारे में जानने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**FATF का खुलासा: पुलवामा के लिए....**

गए लेनदेन में ट्रैकिंग मुश्किल हो जाती है क्योंकि इनमें अक्सर नकली नाम, फर्जी अकाउंट और पर्सन टू पर्सन ट्रांसफर शामिल होते हैं। इससे जांच एजेंसियों को फंड के स्त्रोत और लाभार्थी को ट्रेस करना बेहद कठिन हो जाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुछ देश सरकारें आतंकवादी संगठनों को फाइनेंशियल, लॉजिस्टिक और ट्रेनिंग के रूप में मदद देती रही हैं। भारत ने पहले ही पाकिस्तान पर इस तरह के आरोप लगाए हैं। भारत का कहना है कि पाकिस्तान आतंकियों को पनाह देने और उन्हें हथियार मुहैया कराने में शामिल है। एफएटीएफ ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में फिनटेक कंपनियों द्वारा ऑनलाइन पेमेंट सर्विस देने में तेजी आई है, और आतंकवादी अब इन सेवाओं को पैसे भेजने और जमा करने के लिए पसंद कर रहे हैं। कम लागत, तेज ट्रांसफर और नकली पहचान की सुविधा इसे उनके लिए और आकर्षक बनाती है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आतंकवादी केवल खरीदारी नहीं कर रहे, बल्कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए अपने सामान बेचकर भी पैसा जुटा रहे हैं। कम मूल्य वाले सामान भी बेचे जा रहे हैं ताकि उनसे होने वाला लाभ आतंक गतिविधियों में खर्च किया जा सके। ट्रेड बेस्ड मनी लॉन्ड्रिंग के तरीके से आतंक फंडिंग हो रही है। एक व्यक्ति ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कोई सामान खरीदता है और उसे अपने साथी को किसी दूसरे देश में भेजता है।

दूसरा साथी उसे बेचकर उससे मिले पैसे को आतंक के लिए इस्तेमाल करता है। यह लेनदेन वैध दिखता है लेकिन इसका मकसद फंड ट्रांसफर होता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुछ आतंकवादी संगठन सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके डोनेशन मांगते हैं। फिर उसी प्लेटफॉर्म के जरिए पेमेंट लिंक देकर पैसा जुटाते हैं। यह तरीका तेज है और इसमें ट्रैकिंग मुश्किल हो जाती है क्योंकि इसमें एक ही प्लेटफॉर्म पर प्रचार, फंडिंग और ट्रांसफर हो जाता है। गोरखनाथ हमले के आरोपी के ईमेल से जब उसका पे-पाल डेटा निकाला गया तो सामने आया कि उसने करीब 44 अंतरराष्ट्रीय ट्रांजैक्शन किए थे। उसे करीब ?10,000 भी एक विदेशी अकाउंट से मिला था। PayPal ने संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए उसका अकाउंट सस्पेंड कर दिया। एफएटीएफ ने साफ कहा है कि डिजिटल पेमेंट सिस्टम का दुरुपयोग दुनिया के सामने एक नया खतरा है।

**विनोद तावड़े की नसीहत: सोशल मीडिया...**

बयान मंत्री केदार कश्यप ने पलटवार करते हुए कहा है कि, जमीन कांग्रेस की खद्बसक चुकी है। कांग्रेसियों की आस्था का केंद्र गांधी परिवार है। श्री कश्यप ने कहा कि, कांग्रेस जल-जंगल- जमीन के बारे में कुछ नहीं जानती। वहीं अमित शाह पर खड़के की छत्तीसगढ़ शाह का घर है या ससुराल वाली टिप्पणी पर श्री कश्यप ने कहा कि, कांग्रेसियों की भाषा नक्सलियों जैसी है। प्रदेश को वर्षों से कांग्रेस पार्टी ने उपेक्षित करके रखा था। कांग्रेस पार्टी नक्सलवाद के साथ खड़ी दिखाई देती थी, नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन देखकर कांग्रेसी बौखला गए हैं, इसलिए कांग्रेस की खीज निकल रही है।

**शिवराज ने किया मैनपाट भ्रमण....**

और ग्रामीण विकास मंत्री की है। मेरा सौभाग्य है पीएम के साथ काम करने का अवसर मिला है। मैं इसी जिम्मेदारी में प्रसन्न हूं। पार्टी ने जो काम दिया है वहीं करते चल शिवराज। बीजेपी के प्रशिक्षण वर्ग पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- बीजेपी अकेली पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देती है। वैचारिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने का काम करती है। अभी पूरे देश में हमारे सांसद और विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग हो रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग में वैचारिक विषय भी हैं, एकात्म मानव दर्शन भी है। उनहोंने कहा कि, सांसद- विधायक अपने क्षेत्र में बेहतर काम को कैसे करें, इसकी ट्रेनिंग दी जा रही है। सरकार की योजनाएं उनका लाभ जनता को कैसे मिले, प्रचार और प्रसार कैसे हो, इस पर भी काम हो रहा है। व्यावहारिक और सैद्धांतिक दोनों पहलुओं पर विषय रखे गए हैं, जिसका लाभ सांसद- विधायकों को मिलेगा। यहां से लौटने के बाद सांसद- विधायक और दक्षता के साथ काम करेंगे।

**रावतपुरा सरकार मेडिकल....**

पारदर्शी काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से अन्य निजी मेडिकल कॉलेजों में ट्रांसफर किया जाए। इसके लिए एनएमसी (नेशनल मेडिकल काउंसिल) के दिशा-निर्देशों का पालन किया जा सकता है। अन्य पाठ्यक्रमों की भी जांच हो - रावतपुरा सरकार ट्रस्ट द्वारा संचालित नर्सिंग, फार्मेसी और अन्य कोर्सेज की भी ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा) से जांच कराई जाए। यदि अनियमितताएं पाई जाएं तो संबंधित संस्थानों को भी बंद कर छात्रों को अन्य संस्थानों में समाहित किया जाए। सिविल सोसाइटी ने चेताया है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो छात्र और उनके अभिभावक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। राज्य सरकार से मांग की गई है कि वह छात्रों के भविष्य और चिकित्सा शिक्षा की साख को ध्यान में रखते हुए त्वरित और निष्पक्ष निर्णय ले।

**बिहार अब देश का क्राइम कैपिटल....**

से बदतर हो चुकी है और ठप्प कानून व्यवस्था के चलते निवेश केवल कागजों तक सीमित रह गया है। इसलिए इस बार बिहार ने तय कर लिया है कि अब वो बीमार नहीं रहेगा। बिहार में बदलाव तय है। आइएनडीआइए गठबंधन इस बदलाव को लाकर रहेगा। बिहार में आपराधिक घटनाओं तथा हत्यों की घटना में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भाजपा के साथ अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमलावर है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी रविवार को गोपाल खेमका की हत्या पर गहरा रोष जाहिर करते हुए कहा था कि इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को भारत की अपराध राजधानी बना दिया है। इसलिए बिहार के अगले विधानसभा चुनाव में वोट सिर्फ सरकार बदलने के लिए नहीं बल्कि राज्य को बचाने के लिए होगा। राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने खरगे के भाजपा-जदयू पर किए गए हमले को सही ठहराते हुए कहा कि नीतीश कुमार की मनःस्थिति किसी से छिपी नहीं है और आज वे नीतीश नहीं है जिन्हें हम पहले जानते थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि वास्तव में भाजपा-नीतीश ने बिहार को जंगल राज का देश में सबसे बड़ा उदाहरण बना दिया है और प्रदेश को अराजकता के दौर में डाल दिया है।

**देश में हर चुनाव से पहले मतदाता....**

से ही ऐसे लोगों की ओर से अपनी नियति तय होते देखी गई है, जो भारतीय नहीं हैं। चुनावों के माध्यम से एक राष्ट्र अपनी राजनीति और नीति को आकार देता है और इसलिए यह केंद्र, राज्य और ईसीआई का संवैधानिक कर्तव्य है कि वे सुनिश्चित करें कि संसदीय, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में केवल वास्तविक नागरिक ही अपना वोट डालें, न कि विदेशी घुसपैठिए। याचिका में कहा गया कि इसके लिए समय-समय पर मतदाता सूचियों की विशेष गहन जांच आवश्यक है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए संवैधानिक जनादेश की वजह से मतदाता सूचियों की एसआईआर आवश्यक थी। बिहार में 243 विधानसभा क्षेत्र हैं। हर निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूचियों में अनुमानित 8,000-10,000 अवैध, डुप्लिकेट और फर्जी प्रविष्टियां हैं। 2,000-3,000 वोटों की मामूली गड़बड़ी भी चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती है।

**सभी देशों को राहत; 9 जुलाई नहीं....**

ट्रम्प की चेतावनी को लेकर ब्रिक्स में शामिल सदस्य देशों ने कड़ी आलोचना की है। ट्रम्प की धमकियों का जवाब ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला डा सिल्वा ने भी दिया है। लूला ने सोमवार को BRICS शिखर सम्मेलन में कहा कि दुनिया बदल चुकी है। नई दुनिया में कोई भी देश शहंशाहों को पसंद नहीं करता है। दुनिया को शहंशाह की जरूरत है भी नहीं। ब्रिक्स के प्रमुख देश चीन ने भी कड़ा विरोध किया। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा-ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक मंच पर एक सकारात्मक संगठन है। चीन किसी भी प्रकार के टैरिफ और ट्रेड वॉर का विरोध करता है। टैरिफ लगाने के नाम पर धमकाना अथवा गैरजरूरी दबाव डालने का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ लगाया था।

**एअर इंडिया बोला- ड्रीमलाइनर सबसे सुरक्षित प्लेन....**

टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। रिपोर्ट के मुताबिक, PAC कमेटी में शामिल सांसदों ने सेफ्टी प्रोसिजर पर एविएशन अधिकारियों से जवाब मांगा। BCAS से तत्काल ऑडिट की मांग की। बैठक में DGCA की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए। इसके साथ ही हाल के सिक्योरिटी लैप्स पर चिंता जताई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद हवाई किराया महंगा होने को कंट्रोलर की विफलता बताया। कमेटी ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच के लिए बनाई कमेटी के सिलेक्शन के आधार की भी जानकारी मांगी। सवाल किया कि- विदेशी एविएशन एक्सपर्ट को जांच में शामिल किया गया, क्या उनकी राय ली गई? इस पर एअर इंडिया ने कहा- प्लेन क्रैश को लेकर हम भी चिंता में हैं। फिलहाल ऑफिशियल रिपोर्ट का इंतजार है। इसी हफ्ते न्यूयॉर्क टाइम्स ने हादसे के फोटो-वीडियो और ऑडियो का विश्लेषण किया था। एविएशन सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट, पूर्व पायलटों, जांचकर्ताओं और ऑडियो एक्सपर्ट की मदद से किया गया, यह एनालिसिस संकेत देता है कि विमान का टेकऑफ नॉर्मल था।

**मैनपाट में भाजपा का प्रशिक्षण शिविर....**

पार्टी जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया। इसके बाद पांचवें सत्र में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विकसित छत्तीसगढ़ अवसर और चुनौती (2003 से 2023 की पृष्ठभूमि) विषय पर अपने अनुभव साझा किए। छठे सत्र में विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया और जनसंचार की भूमिका पर चर्चा की, खासकर यह बताया कि स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर विमर्श निर्माण में पार्टी कार्यकर्ताओं की क्या भूमिका हो सकती है। दोपहर बाद के सातवें सत्र में शिवराज सिंह चौहान ने लोक व्यवहार, समय प्रबंधन और वक्तृत्व कौशल पर प्रभावशाली व्याख्यान दिया। इसके बाद के सत्रों में पार्टी की विचारधारा और उसके ऐतिहासिक पहलुओं पर चर्चा हुई।

आठवें सत्र में भाजपा के इतिहास, विचार और 'पंच प्रण' से जुड़ी जानकारी दी गई, जबकि नौवें सत्र में राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने सांसदों और विधायकों को पार्टी के मूल विचारों से गहराई से अवगत कराया। दसवें और दिन के अंतिम सत्र में प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने विकसित भारत मोदी सरकार के 11 वर्ष छत्तीसगढ़ के संदर्भ में विषय पर संवाद किया।

**हाशिए पर जा सकते हैं छोटे दल...**

अधिक होता है। उन्होंने चुनावी खर्च और फाइनेंसिंग को पारदर्शी बनाने की मांग की। ताकि, बराबरी का मंच बन सके। पूर्व CJI यूयू ललित ने चरणबद्ध चुनाव की वकालत की, लेकिन कार्यकाल घटाने पर कानूनी चिंता जताई। जबकि, पूर्व CJI रंजन गोगोई ने मार्च और अब 11 जुलाई को समिति के साथ हुई चर्चा में ECI को असीमित अधिकार दिए जाने पर आपत्ति जताई। भारत में एक देश, एक चुनाव लागू किया जा सकता है, लेकिन इससे जुड़ी आर्थिक, प्रशासनिक और राजनीतिक चुनौतियों को हल करना होगा। पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने भी यही राय दी है। उन्होंने कहा, संवैधानिक संतुलन और लोकतांत्रिक विविधता को सुरक्षित रखना उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि संसाधनों की बचत।

# शक्तिधाम महाकाली मंदिर में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर, वृक्षारोपण एवं रक्तदान शिविर आयोजित



0 आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 100 से अधिक मरीज हुए लाभान्वित
0 आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में उत्कृष्ट कार्य हेतु किया गया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। 5 जुलाई 2025 शहर के वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में आज 6वां स्थापना दिवस भक्तिमय माहौल में धूमधाम से मनाया गया। प्रातः माँ काली की महाआरती पश्चात वृक्षारोपण, रक्तदान एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। जहां आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. प्रज्ञा सक्सेना, डॉ. योगेवरी योगेशवरी ठाकुर, फार्मासिस्ट टीनू दीवान, फार्मासिस्ट छाया प्यासी, औषधालय सेवक दिलीप भीमटे, दूज लाल कुंजाम एवं उनकी टीम ने सेवाएं दी।

स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्राम सहित दूर दराज से आये लोगो ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया, वहीं रक्तदान में दूर दराज से आये माता के भक्तों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए। शहर के बाबुटोला वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में 6 वां स्थापना दिवस भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में राजनांदगाँव-डोंगरगढ़ रेलवे क्षेत्र की निरीक्षक आरपीएफ एवं प्रसिद्ध पंडवाणी गायिका श्रीमती तरुणा साहू व चिचोला टीआई नरेश कुमार बंजारे उपस्थित रहे।

उन्होंने माँली की पूजा-अर्चना पश्चात वृक्षारोपण कर मंदिर समिति के स्थापना दिवस पर शुभकामनायें दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंदिर समिति के संस्थापक गुरुदेव हरीश यादव ने रक्तदान कर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। वहीं चिखली आरक्षक राजकुमार बंजारे ने भी रक्तदान कर इस आयोजन की सराहना की। शक्तिधाम महाकाली मंदिर के प्रधान संस्थापक व मुख्य पुजारी गुरुदेव हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष शक्तिधाम के स्थापना दिवस पर प्रातः माँ महाकाली की आरती पश्चात छाया प्रदान करने वाले वृक्षों का रोपण किया गया। समिति के सदस्यों सहित दूर दराज से आये माता के भक्तों ने 61 यूनिट ब्लड डोनेट किये। समिति द्वारा आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसे लोगों का अच्छा प्रतिफल मिला। ग्राम सहित आसपास ग्रामों के लगभग 100 से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। आयुर्वेद चिकित्सको ने उनकी टीम द्वारा उचित परामर्श व निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सकों को किया गया सम्मानित डॉ. प्रज्ञा सक्सेना, डॉ. योगेश्वरी ठाकुर,फार्मासिस्ट टीनू दीवान, फार्मासिस्ट छाया प्यासी, औषधालय सेवक दिलीप भीमटे, औषधालय सेवक दूज लाल कुंजाम एवं अन्य को प्रतीक चिन्ह मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# दिग्विजय महाविद्यालय में स्टाफ वेलफेयर कार्यक्रम का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शा. दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं मानव संसाधन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. प्रति बाला टांक के निर्देशन में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक राजनांदगांव द्वारा ''स्टाफ वेलफेयर कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बैंक से दी जाने वाली सुविधा, होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन एवं सौर ऊर्जा से सम्बन्धित लोन के बारे में जानकारी दी गई स कार्यक्रम कि शुरूवात प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता महेश्वर के द्वारा मार्केटिंग ऑफिसर शिखर गुप्ता तथा अनुराग शर्मा का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. हिरेंद्र बहादुर ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रियंका सिंह द्वारा किया गया। इस कार्य क्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता महेश्वर, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# एनबीआईएस बोरी ने मनाई नवमी वर्षगांठ



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी ने अपना नौवां फाउंडेशन डे बड़े ही धूमधाम से मनाया। कम समय में शाला ने शिक्षा जगत में एक अहम भूमिका को रचा है। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा छह जुलाई 2016 को पूरे विधि-विधान से एनबीआईएस की नींव रखीं थीं और आज शाला परिवार बड़े ही हर्ष के साथ अपने दसवें वर्ष के शैक्षणिक सत्र की ओर प्रवेश किया है। नौ वर्षों के इस सफर को यादगार बनाने के लिए शाला में विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। शाला के भगत हाउस द्वारा विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शाला के नौ वर्षों के सफर को इंचार्ज साक्षी वैष्णव एवं बच्चों द्वारा तरोताजा किया गया। इसी कड़ी में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी सपत्नी एवं परिवारजनों के साथ शाला प्रांगण में शिव रुद्राभिषेक हवन पूजन कर शाला परिवार की खुशहाली की कामना की। 2016 में शाला में शैक्षणिक कार्य 293 बच्चों से प्रारंभ किया गया था, जो बढ़कर आज 2276 हो गया है। वर्तमान समय में एनबीआईएस, बोरी शहर के सीबीएसई स्कूलों में अधिकतम छात्रों के उच्चतम स्तर पर है। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, एनबी ग्रुप के सदस्य एवं शाला कर्मचारी उपस्थित थे।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा किया गया वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। बृजमोहन अग्रवाल राज्य अध्यक्ष] डॉ.सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त के मार्गदर्शन एवं आ व्हान पर छत्तीसगढ़ के समस्त जिले में एक साथ 07 जुलाई वृहद वृक्षारोपण आयोजन अंतर्गत जिला राजनांदगांव में राजेन्द्र गोलछा, राज्य उपाध्यक्ष उमेश हथेल, जिला अध्यक्ष महेश खंडेलवाल, जिला मुख्य आयुक्त प्रवास कुमार सिंह बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन, जिला आयुक्त के निर्देश अनुसार वृहद वृक्षारोपण एवं राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम महंत राजा बलरामदास स्टेट स्कूल परिसर राजनांदगांव में किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव महापौर, नगर पालिका निगम अध्यक्षता खूबचंद पारख वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी नीलू शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष भाजपा जिला, संतोष अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष राज्यगामी संपदा, राजेंद्र गोलछा उपाध्यक्ष, भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ अशोक चौधरी, पूर्व जिला मुख्य आयुक्त, सौरभ कोठारी महामंत्री जिला भाजपा, शिव वर्मा, किशुन यदु पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम राजनंदगांव, उमेश हथेल अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड, जिला संघ महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त जिला प्रवास कुमार बघेल जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त रानू जैन चेयरमैन नगर निगम राजनंदगांव राजा मखीजा चेयरमैन नगर निगम राजनंदगांव प्रमोद पार्षद कमलेश बंदे पार्षद वार्ड नंबर 3, आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष जिला संघ सुनील बाजपेई राजेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, राकेश भावते, संतोष खंडेलवाल, उत्तम गेड़िया, श्रीमती वर्षा अग्रवाल, श्रीमती नीना खंडेलवाल, अरविंद सहारे, विनोद हथेल, मनी विजय टेम्बरकर मंचासीन रहे।

वर्ष 2023 में 83 एवं 2024 में 33 कुल 116 सफल स्काउट गाइड रोवर रेंजर को राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने स्काउट गाइड को सेवा कार्य के लिए अग्रणी संस्था बताते हुए वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वृक्षों की उपयोगिता से स्काउट गाइड रोवर रेंजर को अवगत कराया। सभी स्काउट गाइड रोवर रेंजर को राष्ट्रीय एवं राज्य जिला स्तर की गतिविधियों में सहभागिता की प्रशंसा करते हुए राज्य पुरस्कार के सफल प्रतिभागियों को बधाई दी। स्वागत उद्बोधन श्री महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त आभार प्रदर्शन प्रवास कुमार सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट ने किया।

उक्त कार्यक्रम में देवेंद्र अम्बादे जिला सचिव जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड मयूख श्रीवास्तव श्रीमती भारती रजक जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट गाइड मुन्ना लाल साहू श्रीमती राखी रामटेके श्री माधव सिंह प्रभारी प्राचार्य स्टेट स्कूल सहित समस्त विकासखण्ड सचिव विकास खण्ड राजनांदगांव डोंगरगांव डोंगरगढ़ छुरिया के स्काउटर गाइडर का सक्रिय सहभागिता एवं विशेष सहयोग रहा।

# राजनांदगांव में योग, आध्यात्म और सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी राजनांदगांव ने 2 जुलाई 2025 को शंकरपुर माध्यमिक विद्यालय में योग और आध्यात्म के साथ-साथ सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।



कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्याध्यापक ने योग, आध्यात्म और सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

इसी कड़ी में चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक ओमप्रकाश सहारे ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि योग हमारे शरीर को रोग मुक्त बनाता है और आध्यात्म हमें ईमानदार इंसान बनाता है। इसलिए, हमें निरोगी रहने के लिए हमेशा सुबह-शाम योग करना चाहिए और आध्यात्म का सहारा लेना चाहिए। इससे न केवल मन शुद्ध होता है, बल्कि आचरण में भी शुद्धता आती है, जिससे हम ईमानदार बने रहते हैं। हमें सदैव यातायात नियमों का पालन करना चाहिए ताकि कोई दुर्घटना न हो।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने बैठक 13 जुलाई को



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी ग्राम राजनांदगांव की पावनधरा पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए एवं भगवान श्रीकृष्ण जी की शोभा यात्रा झांकी निकालने के संबंध में बैठक रखी गई है। साथ ही आगामी आयोजन को लेकर भी चर्चा की जायेगी जिसमें यादव महाधिवेशन यादव मेला प्रदेश स्तरीय यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन सामूहिक विवाह सम्मान समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विधवा, तलाकशुदा, विधुर, परित्यक्ता और अधिक उम्र के लोगो का भी रिश्ता जोडने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की जावेगी। सामाजिक गतिविधियों पर विशेष चर्चा की जावेगी।

बैठक दिनांक 13 जुलाई 2025 रविवार समय- दोपहर 2.00 बजे से स्थानः- क्लब चौक, हनुमान मंदिर के पास, सामुदायिक भवन, बसंतपुर, राजनांदगांव इस बैठक में कोसरिया यादव समाज के संरक्षकगण, नगर पदाधिकारीगण, महिला मंडल पदाधिकारीगण, वरिष्ठगण, गौंटियागण, वार्ड अध्यक्षगण, युवा मंडल वार्डो के सामाजिक सदस्यगण के उपस्थिति में बैठक सम्पन्न होगी।

# शासन की किसान हितैषी योजनाओं से अन्नदाता किसान धन-धान्य से हो रहे परिपूर्ण एवं समृद्ध

किसान संजय, सुखदास, रामनारायण, बिरेन्द्र ने खाद की जमकर खरीदी की
जिले में पर्याप्त मात्रा में किसानों को मिल रहा खाद एवं बीज
शासन की योजनाओं का किसानों को मिल रहा भरपूर लाभ
प्रधानमंत्री सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, कृषक उन्नति योजना से हो रहा फायदा

राजनांदगांव (दावा)। जिले में खेती-किसानी कार्य के लिए किसानों में खुशी एवं उल्लास है। शासन की किसान हितैषी योजनाओं से अन्नदाता किसान धन-धान्य से परिपूर्ण एवं समृद्ध हो रहे है। किसान सेवा सहकारी समिति से लगातार खाद-बीज क्रय कर रहे है। शासन की योजनाएं उनके लिए मददगार साबित हो रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बोरी के किसान संजय कुमार टंडन सेवा सहकारी समिति गठुला खाद खरीदने आए थे। उन्होंने बताया कि उनके पास 20 एकड़ जमीन है और आज उन्होंने यूरिया, डीएपी, पोटाश और राखड़ खरीदा है। उन्होंने बताया कि आज जरूरत के हिसाब से खाद मिल गया है। 20 एकड़ खेत में धान की रोपाई हो गई है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शून्य प्रतिशत ब्याज पर 1 लाख 50 हजार रूपए का ऋण लिया है। जिसका उपयोग वे खेती-किसानी के लिए करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बिना ब्याज के राशि मिल जाने से बहुत मदद होती है और यह किसानों के लिए लाभप्रद है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री सम्माननिधि योजना के तहत प्रतिवर्ष 6000 रूपए की राशि मिल रही है। जिसका उपयोग वे खेती कार्यों के लिए कर रहे है। खेती कार्यों में नवीनतम तकनीक के प्रयोग से कृषि कार्य आसान होते जा रहे है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना सरकार की बेहतरीन योजना है। जिसके तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के दायरे को विस्तृत किया गया है तथा दलहन, तिलहन, मक्का की फसल लगाने वालों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि कृषक उन्नति योजना से धान की बिक्री करने पर जो बचत हुई उसका उपयोग उन्होंने बच्चों की पढ़ाई लिखाई, घर की मरम्मत एवं अन्य कार्यों में किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शासन की योजनाओं के लिए धन्यवाद दिया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला के किसान सुखदास साहू ने 3 बोरी यूरिया, 3 बोरी डीएपी एवं 1 बोरी पोटाश खरीदा। उन्होंने बताया कि समिति में उनकी जरूरत के अनुसार खाद मिल गया है।

# गंडई में निःशुल्क नवोदय-प्रयास कोचिंग के शिक्षकों का सम्मान : दर्जनों बच्चों ने हासिल की सफलता

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर में संचालित निःशुल्क नवोदय और प्रयास कोचिंग सेंटर से शिक्षा प्राप्त कर दर्जनों बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करते हुए अपने लिए नई राहें खोली हैं। यह नगर और अंचल के शासकीय शिक्षकों की अनुकरणीय पहल का परिणाम है, जो इन बच्चों के लिए एक वरदान साबित हुई है। इसी क्रम में प्रेस क्लब गंडई ने इन 15 समर्पित शिक्षकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया, ताकि उन्हें भविष्य में भी इसी उत्साह और लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके.

## शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय पहल

ज्ञात हो कि पिछले वर्ष से कुछ शासकीय शिक्षकों ने एक सुविचारित कार्य योजना के तहत शासकीय पूर्व नवीन शाला गंडई में आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़े हुए ग्रामीण व शहरी बच्चों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की। इन शिक्षकों ने पांचवीं और आठवीं स्तर पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सैनिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, उत्कर्ष, एकलव्य, प्रयास विद्यालय, एनएमएमएसई (नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप) सहित कई अन्य परीक्षाओं की तैयारी करवाई। इस पहल का परिणाम हाल ही में जारी हुई सूची में देखने को मिला, जिसमें नगर सहित अंचल के दर्जनों बच्चों ने अपना विशेष स्थान बनाया और चयनित हुए. विशेष रूप से हाल ही में घोषित एनएमएमएसई के परिणाम में गंडई सेंटर के बालक आयुष पटेल ने राजनांदगांव (राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर जिला) जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया। शिक्षकों के इस उल्लेखनीय कार्य की सराहना करते हुए प्रेस क्लब गंडई ने उन्हें सम्मान समारोह में आमंत्रित कर सम्मानित किया।

## सेवाभाव से समर्पित शिक्षकगण

निःशुल्क नवोदय/प्रयास कोचिंग सेंटर गंडई में स्वस्फूर्त और सेवाभाव से कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। इनमें श्रीमती यांत्री पड़वार (प्रधान पाठक, शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई), कौशल सिंह राजपूत (संकुल समन्वयक गंडई), राजेश कुमार श्रीवास्तव (संकुल समन्वयक कटंगी), भागचंद साहू (शिक्षक, शास. पूर्व माध्य. शाला सर्राकापा), उज्ज्वल नामदेव (शिक्षक, शासकीय पूर्व माध्य. शाला संडी), दीपक मिश्रा (सहायक शिक्षक, शास. प्राथ. शाला बिरखा), पूर्णेश वैष्णव (प्रधान पाठक, शास. प्राथ. शाला बिरखा), महेश वर्मा (सहायक शिक्षक, शास. प्राथमिक शाला सर्राकापा), मायाराम राठौर (सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला बुढ़ासागर), खेमशंकर साहू (शिक्षक, शास. पूर्व मा. शाला चकनार), नंदकुमार जंघेल (शिक्षक, शास. पूर्व माध्य. शाला लमरा), बिरेंद्र कुमार वर्मा (शिक्षक, शास. पूर्व माध्य. शाला कोंगियाकला), पुनेश्वर देवांगन (शिक्षक, शास. नवीन पूर्व माध्य शाला गंडई), शेख कलीम (शिक्षक, शास. पूर्व माध्य. शाला पटपर), खेमलाल जंघेल (शिक्षक, शास. पूर्व माध्य. शाला खौड़ा) आदि शामिल है। सभी सम्मानित शिक्षकों ने प्रेस क्लब गंडई की इस अनुकरणीय पहल के लिए धन्यवाद देते हुए इसे अपने लिए एक नई ऊर्जा का संचार बताया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे शासकीय शिक्षकों के प्रति समाज में बनी नकारात्मक सोच को सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित करने का प्रयास करेंगे।

## कार्यक्रम में गणमान्य लोगों की उपस्थिति

इस सम्मान समारोह में प्रेस क्लब गंडई के संरक्षक अनिल अग्रवाल, मन्नू चंदेल, हरिशंकर साहू, अध्यक्ष विनोद नामदेव, सहित अवधेश मिश्रा, रत्नेश कुलदीप, रोहित देवांगन, सुखनंदन चतुर्वेदी, दामोदर वैष्णव, नंद किशोर साहू, संजय नामदेव, नरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन दामोदर वैष्णव और सुखनंदन चतुर्वेदी ने अपनी ओजस्वी वाणी के साथ किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना मिनीमाता शासकीय कन्या पालीटेक्निक द्वारा ग्राम जंगलपुर में किया वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत गोद ग्राम जंगलपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम दिनांक 5 जुलाई को राष्ट्रीय सेवा योजना मिनीमाता शासकीय कन्या पालीटेक्निक द्वारा संपादित किया गया।

कार्यक्रम में गोद ग्राम जंगलपुर के जनप्रतिनिधि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं मोनिका दास जिला संगठक जिला राजनांदगांव एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना उपस्थित हुए। जंगलपुर के मिनी खेल स्टेडियम में कुल 25 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए एवं साथ ही पौधों की देखभाल हेतु ट्री गार्ड की व्यवस्था की गई।

संपूर्ण कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य डॉ. एम.के.चौबे के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन तथा मोनिका दास जिला संगठक जिला राजनांदगांव एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा संचालित एवं संपादित हुआ।

# छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान थे पं. स्वराज्य त्रिवेदी- श्री कावड़िया



शकुंतला चो लेजा गीत बस्तर को जानने समझने के लिए महत्वपूर्ण संग्रह

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान, प्रेस क्लब रायपुर और नारी का संबल पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में पत्रकारिता और साहित्य के पुरोधा पं स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जयंती एवं समीक्षा गोष्ठी, छत्तीसगढ़ के विकास में पत्रकारिता का योगदान विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयेजन गत दिवस किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कहा कि निर्भीक और रचनात्मक पत्रकारिता की नींव पं. स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी ने डाली है। पं. त्रिवेदी छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान थे। साहित्य और पत्रकारिता का सुंदर संगम उनके लेखनी में मिलता है। युवा पत्रकार और साहित्यकार उनकी शैली से जुड़कर पत्रकारिता को नया आयाम दें। उन्होंने कहा कि शकुंतला तरार की हलबी गीत संग्रह शकुंतला चो लेजा गीत बस्तर को जानने समझने के लिए महत्वपूर्ण संग्रह है। इससे हलबी की समृद्धि बढ़ रही है। समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ भाषाविद डॉ.चित्तरंजन कर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को हमेशा स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी पर गर्व रहेगा। पत्रकारिता और साहित्य एक दूसरे के पूरक हैं। एक पत्रकार पहले साहित्यकार होता है, दोनों जन एक दूसरे से जुड़े हैं। डॉ. कर ने कहा कि हम जयंती के माध्यम से नया विमर्श करते हैं। व्यक्तित्व के अनेक आयाम और ज्यादा खुलते हैं। आज की लेखिका शकुंतला तरार ने अपनी कृति में आदिवासी संस्कृति के मर्म को प्रस्तुत किया है।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में पं स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी का महत्वपूर्ण योगदान है। आजादी से पहले, आजादी के बाद और राज्य बनने के आरंभिक वर्षों में उन्होंने साहित्य, संस्कृति, पत्रकारिता, भाषा आदि के क्षेत्र को संवर्धित किया। वे लोक जागरण के पत्रकार और साहित्यकार थे। शकुंतला तरार ने हलबी के साहित्य को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया है, इससे हलबी का वैभव बढ़ रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ.माणिक विश्वकर्मा ने कहा कि बीज से महावृक्ष की यात्रा पं. स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी ने की। वे राष्ट्र के लिए समर्पित रचनाकार थे। प्रारंभ में संयोजक डॉ.सुधीर शर्मा ने कहा कि साहित्य और पत्रकारिता के सेतु थे पं त्रिवेदी। पं. स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी की परपोती नित्या त्रिवेदी ने पं त्रिवेदी का परिचय दिया। शकुंतला तरार ने अपनी पुस्तक पर विचार रखे। पूर्व मंत्री एवं विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि पं त्रिवेदी अपने समय के राजनीतिक परिचितों को कहा करते उनका आचरण ही उनका बचाव करती है। पं. स्वराज्य के काम को आगे बढ़ाना है। शकुंतला तरार की पुस्तक हलबी गीत संग्रह शकुंतला चो लेजा गीत पर समीक्षा करते हुए संस्कृति विशेषज्ञ अशोक तिवारी ने कहा कि हलबी बस्तर की संपर्क भाषा है। हलबी में लिखे गीत बस्तर की संस्कृति की विशेषता बताते हैं। हलबी का लोक साहित्य अत्यंत समृद्ध है। समीक्षा करते हुए पुरातत्ववेत्ता जी.एल. रायकवार ने कहा कि लेजा गीत बस्तर में अत्यधिक प्रचलित है। इसमें युवक युवतियों के आपसी संवाद होते हैं। सौ गीतों में इस संग्रह में सांस्कृतिक रूप प्रकट होकर आए हैं। हास्य, व्यंग्य और इतिहास के प्रसंग हैं। प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि हम अपने पुरखों की परंपरा का पालन कर रहे हैं। पं स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी की लेखनी ने अनेक पीढ़ियों का निर्माण किया है। वे छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान हैं।

# गौठानों की उपेक्षा ने उजागर की भाजपा की नाकामी - अंजली रामगुलाल घावडे



राजनांदगांव(दावा)। कांग्रेस कुमरदा ब्लाक अध्यक्ष व छुरिया जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अंजली राम गुलाल घावडे ने कहा कि गौठानों की उपेक्षा ने भाजपा सरकार की नाकामी उजागर कर दी है, केवल 19 माह में अव्यवस्था दिखने लगी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार को सत्ता संभाले 19 माह बीत चुके हैं, लेकिन इन 19 महीनों में प्रदेश ने विकास की दिशा में प्रगति से अधिक गिरावट का अनुभव किया है। भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा गौठान योजना, जिसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुधन संरक्षण का आधार स्तंभ कहा गया था, आज भाजपा सरकार की बेरुखी के कारण बर्बादी के कगार पर है। कांग्रेस सरकार के समय हर ग्राम पंचायत में एक गौठान का निर्माण किया गया था, जहां आवारा मवेशियों को सुरक्षा, देखभाल, और आहार-पानी की व्यवस्था मिलती थी। सरकारी जमीन चिन्हांकित कर संरक्षित स्थान बनाए गए थे, जहां गौ सेवा के साथ महिला स्व-सहायता समूहों को भी रोजगार मिलता था। लेकिन भाजपा सरकार ने इन गौठानों को बंद करने जैसा रवैया अपनाते हुए उन्हें उपेक्षा और बदहाली में छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि गौर करने वाली बात यह है कि भाजपा गौ माता के नाम पर राजनीति तो करती है, लेकिन जब सेवा की बात आती है तो वही गौ माताएं सड़कों पर बेसहारा घूम रही हैं। भाजपा, जो गौ संरक्षण के नाम पर भावनात्मक राजनीति करती रही है, वही अब उनकी देखभाल तक सुनिश्चित नहीं कर पा रही है।

# जीएसटी प्रणाली में चुनौतियां और छोटे-मझोले कारोबार की परेशानियां

राजनांदगांव (दावा)। आज के समय में जब सरकार ने वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) को 'एक राष्ट्र, एक कर' के सिद्धांत पर लागू किया था, तब यह कहा गया था कि यह व्यवस्था कराधान में पारदर्शिता, सरलता और सुगमता लाएगी। परन्तु आज, वास्तविकता इसके विपरीत दिखाई दे रही है। छोटे और मध्यम उद्योगों (SMEs) को हर महीने बदलते नियमों, जटिल रिटर्न फाइलिंग, ई-वेबिल और ई-इनवॉयस जनरेशन जैसी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि जुलाई 2017 से अभी तक सैकड़ों बार जीएसटी अधिनियम में सुधार हुआ है। किन्तु छोटे-मध्यम व्यवसासियों को राहत नहीं है। छोटे-मध्यम व्यवसासी व्यापार छोड़कर नोटिसों में उलझे रहते है। चेंबर आफ कामर्स एवं कैद को इस ओर ध्यान देना चाहिये। छोटी-छोटी खामियों पर विभाग नोटिस थमा देता है। जबकि केन्द्र सरकार को व्यापार को बढ़ावा देने छोटे-मध्यम व्यवसासियों को राहत देना चाहिये।

### रिटर्न फाइलिंग और अनुपालन का जटिल जाल

जीएसटी लागू होने के बाद व्यवसायियों को कई प्रकार के रिटर्न फाइल करने होते हैं -GSTR-1, GSTR-3B, GSTR-9 आदि। इसमें समय पर अपलोडिंग, रीकॉन्सिलिएशन और सही जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। छोटे व्यवसायों के पास प्रशिक्षित अकाउंटेंट



० व्यापारियों पर बढ़ता अनुपालन का बोझ,
० चेंबर से समस्या को पहल करने की अपेक्षा

या टेक्निकल टीम का अभाव होता है, जिससे त्रुटियाँ होना आम बात है और पेनाल्टी तथा नोटिस मिलने की संभावना बनी रहती है। ई-वे-बिल और ई-इनवॉयस में दिक्कतें किसी भी माल की आवाजाही के लिए ई-वे-बिल बनाना अनिवार्य है। परंतु तकनीकी खामियों या पोर्टल का सर्वर डाउन रहने से बिल बनाना कठिन हो जाता है। यदि सही समय पर ई-वे-बिल न बने तो विभाग द्वारा मालवाहक वाहनों की चेकिंग व सीजिंग की कार्रवाई कर दी जाती है, जिससे छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान और माल की डिलेवरी में विलंब होता है। ई-इनवॉयस जनरेशन भी छोटी इकाइयों के लिए एक अतिरिक्त झंझट बन गया है, जिसमें बार-बार तकनीकी समस्याएँ आती रहती हैं। इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) की व्यवस्था जीएसटी की सबसे बड़ी विशेषता कही गई थी। कहा गया था कि टैक्स का बोझ कम होगा क्योंकि खरीददार उस पर क्रेडिट ले सकेगा। परन्तु हकीकत यह है कि यदि विक्रेता ने GSTR-B में बिक्री दिखाकर GSTR-3B में टैक्स जमा नहीं किया या सही से रिटर्न नहीं फाइल किया, तो खरीददार को आईटीसी का लाभ नहीं मिलेगा। GSTR-2A/2B में डेटा न दिखने पर आईटीसी काट लिया जाता है। ऐसे में ईमानदार खरीददार भी विक्रेता की गलती की सज़ा भुगतता है। नए नियम और अधिसूचनाएँ व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। लगातार नए-नए नोटिफिकेशन, नियम और शुल्क व्यापारियों के लिए सिरदर्द बन चुके हैं। कभी विलम्ब शुल्क तो कभी ब्याज, कभी ब्लाक क्रेडिट ये सब छोटे व्यापारियों के लिए बोझ ही बढ़ाते हैं। जटिलताएँ इतनी हैं कि व्यापारियों को अनुपालन के लिए अलग से कंसल्टेंट्स और तकनीकी टीम रखनी पड़ रही है, मंदी के दौर में इसका खर्च उठाना छोटे कारोबार के लिए कठिन होता जा रहा है।

### निष्कर्ष : आसान प्रणाली की आवश्यकता

छोटे और मध्यम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ हैं। यदि उन पर अनुपालन का बोझ ऐसे ही बढ़ता रहा तो कई व्यापार बंद होने की कगार पर पहुँच सकते हैं। सरकार को चाहिए कि जीएसटी प्रणाली को सरल बनाया जाए, ईमानदार करदाताओं को परेशान न किया जाए और आईटीसी के प्रवाह को सुगम बनाया जाए ताकि 'एक राष्ट्र, एक कर' का सपना वास्तव में सफल हो सके।

# डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से एनएच-53 पर 25.8 करोड़ की लागत से सर्विस रोड को मिली स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने आरके नगर चौक से रेवाड़ीह चौक तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 (एनएच-53) पर दोनों तरफ सर्विस रोड बनाने की अनुमति प्रदान कर दी है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 25.8 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत की गई है।

### ट्रैफिक दबाव और दुर्घटनाओं को कम करने की पहल

यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के अथक प्रयासों का



० 25.8 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण कार्य
० नितिन गडकरी का डॉ. रमन सिंह एवं संतोष पांडे ने जताया आभार

परिणाम है। डॉ. सिंह ने 12 जून को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर इस संबंध में अवगत कराया था। उन्होंने अपने पत्र में बताया था कि एनएच-53 पर स्थित अटल बिहारी वाजपेई मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, स्कूल, बड़े व्यावसायिक स्थल, होटल और आरटीओ कार्यालय जैसी महत्वपूर्ण जगहों के कारण यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में एक डॉक्टर की दुर्घटना में मृत्यु भी हुई थी, जिसने इस मुद्दे की गंभीरता को और बढ़ा दिया था। राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे ने भी इस मार्ग पर सर्विस लेन निर्माण के लिए परियोजना अधिकारी रायपुर को पत्र लिखा था और दूरभाष पर चर्चा की थी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडे के पत्रों के प्रतिउत्तर में, आज भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रदीप कुमार लाल ने इस विषय में आदेश जारी करते हुए कुल 7 किलोमीटर (एक तरफ 3.5 किलोमीटर और दूसरी तरफ 3.5 किलोमीटर) लंबी सर्विस रोड हेतु 25.8 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। रेवाड़ीह चौक होते हुए आरके नगर तक दोनों तरफ सर्विस रोड के निर्माण से जहां शहरवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहीं लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडे ने इस महत्वपूर्ण कार्य की स्वीकृति पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

# आज से बर्फानी आश्रम में गुरुपूर्णिमा महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। विश्व शांति एवं मानव सेवा के जनकल्याण के लिए समर्पित बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा देश के प्रसिद्ध संत श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा की कृपा प्रेरणा आशीर्वाद से बर्फानी धाम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 9 जुलाई से आयोजित है। जिसमें बड़ी संख्या में गुरु परिवार के सदस्य व श्रद्धालु भक्तजनों पहुंचेंगे।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी गर्भगृह में विराजमान काली स्वरूपनी मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ की स्थापना गुरुदेव बर्फानी दादा के मार्गदर्शन व



० बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना
० दो दिनों तक होगा गुरु की महिमा का गुणगान व हनुमान चालीसा पाठ

आशीर्वाद से की गई थी। जिसमें तीन लोकों में मां पाताल भैरवी, मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, आदिदेव महादेव के साथ ही द्वादश ज्योर्तिलिंग की स्थापना की गई थी। इसके अलावा अंचल में सबसे बडे विशाल स्फटिक एवं पारद शिवलिंग को विराजित किया गया है। संस्था द्वारा अपने परमपूज्य गुरुदेव श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा के चरण पूजन व गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तहत आषाढ़ शुक्ल पक्ष, चौदस 9 जुलाई बुधवार को संध्या 4 बजे से दुर्ग की महिला मंडलियों के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 10 जुलाई गुरुवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रातः 8 बजे से श्री गुरुदेव की पालकी व शोभायात्रा आश्रम परिसर में भ्रमण करने के पश्चात बर्फानी दादा का गुरु परिवार के सदस्यों व भक्तों के द्वारा पंचामृत, गंगाजल, दुग्धाभिषेक व शुद्ध जल से अभिषेक कर श्रृंगार आदि कर पूजन व महाआरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात प्रातः 10 बजे से भिलाई के कान्हा महाराज द्वारा संगीतमय भजन व हनुमान चालीसा के पाठ के साथ ही गुरुमहिमा का गुणगान किया जाएगा। संस्था द्वारा इस दो दिवसीय आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तैयारियों को अंतिम रूप देने में संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, सूरज जोशी, कुलबीर छाबड़ा, आलोक बिंदल, योगेन्द्र पांडे, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, दामोदर अग्रवाल, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल एवं अन्य सदस्यगण सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस (7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।



-: बग्गा ट्रेवल्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

# लगातार बारिश से नदी का बढ़ा जल स्तर, एनीकट डूबा

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों जिले मे मानसून की सक्रियता बढ़ी हुई दिख रही है। इससे अंचल में लगातार पानी गिर रहा है। रविवार से प्रारंभ लगातार बारिश से नदी-नालों का जल स्तर बढ़ने लगा है। इस बारिश में शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ का जल-स्तर में तेजी से इजाफा हुआ है। इसे देखते हुए प्रशासन द्वारा नदी के आसपास रहने वाले परिवारों को पूरी तरह से सुरक्षित स्थान पर जा कर ठहरने की समझाइश दी जा रही है। वहीं लगातार बारिश के चलते नदी-नालों में आने वाली बाढ़ को लेकर भी प्रशासन एलर्ट हो गया है।



० शहरवासियों को दोनों वक्त पानी देने की उठी मांग
० कांग्रेसी पार्षदों ने शिवनाथ नदी जाकर किया मौका मुआयना

बताते चलें कि शहर सहित जिले भर में अच्छी बारिश होने से जहां किसानों के चेहरे खिले हुए हैं वहीं गर्मी के दिनों में पानी का संकट झेल चुके शहर के लोग भी खुश हैं। कांग्रेसी पार्षद इस पर बरखा रानी को धन्यवाद देते हुए मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के नेतृत्व में शिवनाथ नदी जाकर पानी से भरपूर नदी का नजारा देखा और कांग्रेस के पार्षदों ने मोहारा जल संयंत्र प्लांट का निरीक्षण करते हुए यहां सभी कुछ ठीक होने तथा नदी में पानी भरपूर होने पर अधिकारियों को शहर वासियों को दोनों टाइम पानी देने की बात की। साथ ही नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने आयुक्त अतुल विश्वकर्मा से इस संबंध में बात करते हुए शहर वासियों को दोनों टाइम जल प्रदाय करने व बारिश के दिनों में शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा ताकि लोग जल जनित रोगों सहित संक्रामक रोगों का शिकार न हो सके।

बता दें कि मौसम विभाग ने भी 24 घंटे के भीतर राजनांदगांव जिले से लेकर खैरागढ़-छुईखदान, गडई व जिला मोहला-मानपुर, अं. चौकी आदि स्थानों पर सर्वाधिक बारिश होने का अलर्ट जारी किए जाने से नदी-नालों में बाढ़ आने की संभावना बढ़ी हुई है। इधर शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ का जल-स्तर बढ़ते ही शहर के रहवासियों के लिए नलों से दोनों वक्त पानी दिए जाने की मांग उठने लगी है।

बता दें कि गर्मी के दिनों में शिवनाथ नदी में पर्याप्त पानी नहीं होने की स्थिति में शहरवासियों को नलों से ले-देकर एक वक्त पानी मिल रहा था। 8 मार्च से शहर के 51 वार्डवासियों को नलों से केवल एक टाइम ही पानी मिल रहा था। वह स्थिति अभी भी बनी हुई है। वैसे इस साल भीषण गर्मी का माहौल नहीं रहा। इसके बाद भी गर्मी के दिनों में पानी की खपत ज्यादा होने से निगम को बहुत से वार्डो में टैंकरों से जलापूर्ति करना पड़ रहा था। अब जब बारिश हो रही है और शिवनाथ नदी के जल स्तर में इजाफा हुआ है। पुराने एनीकेट डूबने के कगार में है ऐसी स्थिति में शहर वासियों को एक वक्त के बजाय नलों से सुबह शाम दोनों वक्त पानी दिया जाना जरूरी हो गया है।



# चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने डॉ. रमन सिंह से की मुलाकात, व्यापारिक गतिविधियों पर की चर्चा

राजनांदगांव (दावा)। चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैंद और प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी ने आज रायपुर स्थित स्पीकर हाउस में डॉ. रमन सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने राजनांदगांव की वर्तमान व्यापारिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधियों ने परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने में व्यापारियों के सहयोग के प्रति अपनी तत्परता व्यक्त की, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि अतिक्रमण हटाने जैसी कार्रवाई एकतरफा नहीं होनी चाहिए। उनका मानना है कि शहर को व्यवस्थित करने से व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा, और इस दिशा में व्यापारी प्रशासन को सहयोग देने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस अवसर पर चैंबर प्रतिनिधियों ने मेडिकल कॉलेज से आरके नगर तक सर्विस रोड की स्वीकृति मिलने पर डॉ. रमन सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस परियोजना को शहर की एक अनिवार्य आवश्यकता बताया और कहा कि सर्विस रोड बनने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों को आवागमन में आसानी होगी।

# पुनीत कुमार ने क्षेत्रीय प्रांत मंत्री और भाजपा के संगठन महामंत्री अजय जमवाल से सौजन्य मुलाकात की

राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण वन और जलवायु संवर्धन परिषद छत्तीसगढ़ के चेयरमेन नियुक्त हुए हैं। नियुक्ति के बाद पुनीत कुमार क्षेत्रीय प्रांत मंत्री और भाजपा के संगठन महामंत्री अजय जमवाल से सौजन्य मुलाकात की। पुनीत कुमार ने अजय जामवाल जी से आशीर्वाद लिया एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। पुनीत कुमार ने श्री जामवाल को आगामी छत्तीसगढ़ में होने कार्यक्रमों की जानकारी दी। अजय जामवाल



के द्वारा पुनीत कुमार को छत्तीसगढ़ में हर कोने-कोने में हरियाली फैलाने के लिए वृक्षारोपण और छत्तीसगढ़ में जलवायु के क्षेत्र में काम करने के लिए मार्गदर्शन दिया एवं हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। अजय जमवाल और पुनीत कुमार की मुलाकात के वक्त पर्यावरण वन एवं जलवायु संवर्धन परिषद के वाइस चेयरमैन निलेश श्रीवास्तव भी मौजूद थे एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# कलेक्टर एवं एसपी ने अवैध शराब के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर कड़ी कार्रवाई करने कहा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सहित अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरे जिले में सर्तकता एवं सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि वर्तमान में पूरे जिले में तेज बारिश हो रही है, इसके चलते नदी-नालों के तटवर्ती क्षेत्रों के अलावा निचले भागों में पानी भरने की संभावना बनी है, इसे ध्यान में रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी विशेष रूप से सर्तक रहें और सतत निगरानी करते रहें। किसी भी प्रकार से जल भराव या बाढ़ की आशंका होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही बाढ़ से निपटने के लिए उपलब्ध संसाधनों का जांच-परीक्षण कर लें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अवैध शराब के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय की सतत निगरानी करते हुए उन पर कड़ी कार्रवाई करें। इसके लिए गठित टीमों को सतत सक्रिय रखें। उन्होंने कहा कि



गत वर्ष के स्थानों जहां जल भराव हुए थे, उन्हें चिन्हांकित करने के साथ ही अन्य संभावित स्थानों की भी निगरानी करें। उन्होंने जिले में अग्निवीरों के प्रशिक्षण के लिए स्थान, पुस्तक एवं अन्य संसाधनों के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

### बाढ़ एवं जल भराव वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी करें - मोहित गर्ग

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि जल भराव एवं बाढ़ से निपटने के लिए मूलभूत आवश्यकताओं के परीक्षण के साथ-साथ उनकी उपलब्धता बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था से निपटने के लिए अधिकारीगण सतत कार्रवाई एवं मानिटरिंग करते रहें। ढाबों सहित अन्य स्थानों पर अवैध रूप से विक्रय होने वाले मदिरा एवं अन्य नशा के पदार्थों की उपलब्धता पर कड़ी कार्रवाई करें। देर रात तक अनावश्यक रूप से ढाबें नहीं खुलने चाहिए। चाकूबाजी करने वाले अपराधियों एवं संदिग्धों पर कड़ी कार्रवाई करें। इसके अलावा शांति व्यवस्था एवं कानूनों के उल्लंघन पर कठोर धाराओं के तहत कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि इससे होने वाले अपराध कम हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रैफिक पुलिस यातायात के नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं, ताकि दुर्घटनाएं कम हों और लोगों के जीवन को बचाया जा सकें। नशापान कर वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करें। उन्होंने दुर्घटनाजन्य स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाने के संबंध में की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शहरी क्षेत्र के ओव्हर ब्रिज के नीचे अवैध रूप से अतिक्रमण पर कार्रवाई कर उसे खाली कराने और आवश्यक उपयोग के पार्किंग के लिए स्थान सुनिश्चित कराएं।

बैठक में अधिकारियों ने अब तक की गई कार्रवाई से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। बैठक में यह भी बताया गया कि संभावित बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। संसाधनों के रूप में जिले में 3 बोट, 6 आसता लाईट, 3 ऊट कटर एवं पर्याप्त संख्या में लाईफ जैकेट उपलब्ध है। इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर 21 गोताखोर भी उपलब्ध है, जिनकी सेवाएं ली जा सकती हैं।

## कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, अतिक्रमण हटाने, पट्टा, भू-अर्जन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए।

# मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर में कल मौनी बाबा का गुरुपूजन



राजनांदगांव (दावा)। श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में पूज्य मोनी बाबा का गुरु पूजन समारोह 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा के दिन आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन सुबह 9 बजे से शुरू होगा। इस पावन अवसर पर, दादा गुरु बर्फानी दादाजी और दादा गुरु शास्त्री बाबा के आशीर्वाद से भक्तगण गुरु पूजन में शामिल होंगे। समारोह में सीतामढ़ी, पटना, दरभंगा, दिल्ली, बिलासपुर, भिलाई, रायपुर और राजनांदगांव के आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्तों के आने की उम्मीद है। श्री मिथिला धाम गणेश मंदिर से जुड़े सभी भक्तों को इस गुरु पूजन समारोह में सादर आमंत्रित किया गया है। भक्तों से अनुरोध है कि वे समय का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि यह आयोजन दो स्थानों सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर राजनांदगांव एवं दोपहर 2 बजे के बाद श्रीराम मंदिर अयोध्या धाम दल्ली राजहरा पर होगा।

प्रवेश प्रारंभ
श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ
जी.ई. रोड, वर्धमान नगर, राजनांदगांव संचालित
श्री देव आनंद जैन शिक्षा मंदिर, मो. 9098837101
हिन्दी माध्यम- नर्सरी से कक्षा 12वीं तक
कृषि संकाय, बायो, गणित, कला संकाय
श्री देव आनंद जैन पब्लिक स्कूल, मो. 9893067917
अंग्रेजी माध्यम प्री-नर्सरी से कक्षा 12वीं तक
कॉमर्स, बायो, गणित
सत्र 2025 में नये प्रवेशी छात्र-छात्राओं को सत्रान्त तक 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जावेगी एवं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को निःशुल्क व्यवस्था शुल्क में अध्ययन करवाया जावेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com